Hindi & English Medium

**Madhya Pradesh OBJECTIVE GK**

# 287 SOLVED PAPERS

**यूथ कॉम्पिटिशन टाइम्स**

**MPPSC** MPPCS Pre, ACF/RFO, SET, DSP(Radio), AE, Dental Surgeon, Medical Officer
ITI Principal/Director, Assistant Registrar, Assistant Manager, Assistant Director
Computer Programmer, Technician, Mining Officer, State Forest Services
ADPO, Veterinary Assistant Surgeon, Assistant Professor, Taxation Assistant

**MP VYAPAM** Police Constable, SI, SI(LDC), Patwari, Jail Prahari, Tourism, PWD, ANM, Drug Inspector,
Assistant Auditor, Assistant Account Officer Accountant, Graduate Selection Test, PAT,
Assistant Quality Controller, PSTET, PV&FT, SUB ENGINEER (JE), DRAFTSMAN, SURVEYOR

MP HIGH COURT- MPCJ, Translator, Assistant Grade-III, Stenographer, District Court Group-C & D

# वस्तुनिष्ठ
# मध्य प्रदेश
# सामान्य ज्ञान

**प्रश्न/QUESTION**


11. Tansen Samaroh is held in the month of ______ in Madhya Pradesh.
मध्य प्रदेश में तानसेन समारोह, ------ महीने में आयोजित किया जाता है।

(a) March/मार्च (b) December/दिसम्बर
(c) July/जुलाई (d) September/सितम्बर

MPPEB Police Constable Exam 12/01/2022 (Shift-II)
Asstt. Quality Controller and other equivalent Post 2018
PEB Patwari Exam. 2018
PEB ANM 13 may 2018 (shift - I)
MP Constable 22 Aug 2017 (shift - II)
MP Constable 20 Aug / 13 Sep 2017
MP Group-2 (Sub-Group-4) 9/01/2017 (Shift-II)
MP Group-2 (Sub-Group-3) 27/03/2018 (Shift-II)

राजकीय चिन्ह एवं प्रतीक



मध्य प्रदेश मानचित्र सहित

# 4484+
वस्तुनिष्ठ प्रश्न

# अध्यायवार सॉल्व्ड पेपर्स

विस्तृत व्याख्या सहित हल एवं आयोग की संशोधित ANSWER-KEY द्वारा प्रमाणित

# विषय सूची


- मध्य प्रदेश सामान्य परिचय ........ 5-14
- मध्य प्रदेश का इतिहास ........ 15-40
- भौगोलिक स्थिति एवं स्थलाकृतियाँ ........ 41-52
- जलवायु एवं मिट्टी ........ 53-59
- नदियाँ, सिंचाई एवं नदी घाटी परियोजनाएँ, जलप्रपात ........ 60-88
- वन, वन्यजीव, राष्ट्रीय उद्यान तथा अभ्यारण्य ........ 89-108
- खनिज संसाधन एवं उद्योग ........ 109-127
- कला एवं संस्कृति ........ 128-141
- साहित्य एवं पत्र-पत्रिकाएँ ........ 142-145
- कृषि एवं पशुपालन ........ 146-153
- परिवहन एवं संचार ........ 154-158
- शिक्षा, स्वास्थ्य एवं खेल ........ 159-166
- राजनीतिक एवं प्रशासनिक व्यवस्था ........ 167-195
- जनजातियाँ ........ 168-207
- पर्यटन एवं धार्मिक स्थल ........ 208-241
- पुरस्कार एवं सम्मान ........ 242-249
- उत्सव मेला एवं समारोह ........ 250-256
- अनुसंधान केन्द्र, प्रशिक्षण संस्थान/संगठनों के कार्यालय एवं मुख्यालय ........ 257-267
- जनगणना ........ 268-278
- चर्चित व्यक्ति ........ 279-293
- महत्वपूर्ण सरकारी कार्य एवं योजनाएँ ........ 294-311
- विविध जानकारी ........ 312-320


# मध्य प्रदेश राज्य के पूर्व परीक्षा प्रश्न-पत्रों का विश्लेषण

| परीक्षा का नाम एवं वर्ष | कुल परीक्षा प्रश्न |
|---|---|
| मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग | |
| म.प्र. पी.सी.एस. (प्रा.) परीक्षा 1999, 1994, 2000, 2003 (Special), 2005-06, 2008, 2009, 2012, 2015, 2017, 2018, 2019, 2020, 2021, 2022,2023,2024 | 17 |
| म.प्र. ADPO 2015, 2021 | 2 |
| म.प्र. Assistant Manager 2021 | 1 |
| म.प्र. Assistant Director (Kisan Kalyan & Krishi Vikas) 2019 | 1 |
| म.प्र. Assistant Director (Social Justice & Disabled Welfare Dept.) 2021 | 1 |
| म.प्र. Assistant Registrar 2018,2022 | 2 |
| म.प्र. Ayurvedic Medical Offier 2021 | 1 |
| म.प्र. Computer Programmer 2021 | 1 |
| म.प्र. Dental Surgeon 2019, 2022 | 2 |
| म.प्र. DSP (Radio) 2021 | 1 |
| म.प्र. Homeopathy Medical Officer 2021 | 1 |
| म.प्र. Shakha Adhikari - Sampada Prabandhak 2021 | 1 |
| म.प्र. SET 2018 (I/II), 2022 | 3 |
| म.प्र. State Forest Services 2018, 2019,2019 (Spl.),2020,2021 | 6 |
| म.प्र. Unani Medical Officer 2021 | 1 |
| म.प्र. Veterinary Assistant Surgeon 2018 (Backlog), 2021,2023 | 3 |
| म.प्र. Principle Grade – I/II 2023 | 1 |
| म.प्र. Taxation Assistant 2022 | 1 |
| मध्य प्रदेश कर्मचारी चयन मण्डल (व्यापम) | |
| म.प्र. PEB Sub Engg./Draftman/Surveyor 2015, 2016, 2017, 2018, 2020 | 25 |
| म.प्र. PEB DAHET 2020 | 2 |
| म.प्र. PEB Sahayak Sanparikshak, Kanishth Sahayak 2020 | 4 |
| म.प्र. PEB Police Constable 2020 | 73 |
| म.प्र. PEB PAT 2020 | 2 |
| म.प्र. PEB Pv & FT 2020 | 2 |
| म.प्र. PEB Gramin Krishi Vistar Adhikar 2020 | 2 |
| म.प्र. PEB ANM 2013, 2016, 2018 | 6 |
| म.प्र. DURG INSPECTOR 2013, 2017 | 2 |
| म.प्र. PEB PATWARI 2018 | 39 |
| म.प्र. JAIL PRAHARI 2013, 2014<br>म.प्र. JAIL PRAHARI 2015<br>म.प्र. JAIL PRAHARI 2018 | 2<br>1<br>8 |
| म.प्र. TOURISM 2013 | 2 |
| म.प्र. PWD 2013 | 1 |
| म.प्र. CONSTABLE 2013, 2017 (1st/2nd Shift) | 4 |
| म.प्र. PEB Group-1 Graduate Selection Test 2016 | 1 |
| म.प्र. S.I. 2014, 2016, 2017, LDC 2017 | 56 |
| म.प्र. Asstt. AUDITOR, Asstt. ACCOUNTANT OFFICER, ACCOUNTANT & OTHER EXAMS 2017, 2018 | 8 |
| म.प्र. Asstt. QUALITY CONTROLLER & OTHER EXAMS 2018 | 1 |
| **कुल प्रश्न-पत्र** | **287** |

**नोट-**उपरोक्त प्रश्न-पत्रों के सम्यक विश्लेषण के उपरांत **मध्य प्रदेश वस्तुनिष्ठ सामान्य ज्ञान** से संबंधित **287** प्रश्न-पत्रों के **4484** वस्तुनिष्ठ प्रश्नों को अध्यावार प्रस्तुत किया गया है। समान प्रवृत्ति वाले एवं दुहराव वाले प्रश्नों का परीक्षा वर्ष एवं परीक्षा नाम यथास्थान निर्दिष्ट कर दिया गया है ताकि प्रश्न पूछनें की तकनीकि का प्रतियोगियों को लाभ प्राप्त हो सके।

अध्याय

# 1. मध्य प्रदेश सामान्य परिचय




1. **The southern part of the Vindhyan Scarpland is called:/विन्ध्य स्कार्पलैंड का दक्षिणी भाग क्या कहलाता है?**
   (a) Amarkantak plateau/अमरकंटक पठार
   (b) Maikal plateau/मैकाल पठार
   (c) Bhander plateau/भांडेर पठार
   (d) Bastar plateau/बस्तर पठार

**MPPSC (Pre) 2024 23/06/2024**

**Ans.(c):** विन्ध्य स्कार्पलैंड का दक्षिणी भाग भांडेर पठार के नाम से जाना जाता है। विन्ध्याचल श्रेणी मुख्यतः कगार का उदाहरण है। पश्चिम में इसे विंध्याचल तथा पूर्व में इसे कैमूर श्रेणी तथा भांडेर श्रेणी के नाम से जाना जाता है।

2. **Which of the following species is the "State tree of Madhya Pradesh"?/निम्नलिखित में से कौन-सी प्रजाति ''मध्य प्रदेश का राज्य वृक्ष'' है।**
   (a) Ficus racemosa /फाइकस रैसिमोसा
   (b) Ficus religiosa /फाइकस रिलीजिओसा
   (c) FIcus carica/फाइकस कैरिका
   (d) Ficus benghalensis /फाइकस बैन्गाहलेन्सिस

**MPPSC Forestry & Gen Scie 2022**

**Ans. (d) :** फाइकस बैन्गाहलेन्सिस (Ficus benghalensis) प्रजाति मध्य प्रदेश का राज्य वृक्ष है। इसको भारतीय बरगद भी कहा जाता है। यह भारतीय उपमहाद्वीप का एक बड़ा और व्यापक वृक्ष है।

* मध्य प्रदेश का राजकीय पक्षी धुधराज एशियन पैराडाइज फ्लाईकैचर है। इसका वैज्ञानिक नाक टरपसीफोन पैराडाइस है।
* बारहसिंगा मध्य प्रदेश का राजकीय पशु जिसे दलदल हिरण भी कहा जाता है।

**3. Who was the second Chief Minister of Madhya Pradesh?**
**मध्य प्रदेश के द्वितीय मुख्यमंत्री थे?**

(a) Ravishankar Shukla/रविशंकर शुक्ल
(b) B. R. Mandloi/बी. आर. मण्डलोई
(c) K. N. Katju/के. एन. काटजू
(d) D. P. Mishra/डी. पी. मिश्रा

**MPPSC Forestry & Gen Scie 2022**

**Ans. (b) :** मध्य प्रदेश की द्वितीय मुख्यमंत्री भगवन्त राव मण्डलोई थे। इनका कार्यकाल (01.01.1957) से (30.01.1951 तक) था एवं इनका दूसरा कार्यकाल 12.03.1962 से 29.09.1963 तक था। मध्य प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री रविशंकर शुक्ल थे (01.01.1956-31.02.1956) भगवन्त राव मण्डलोई का जन्म 1892 में मध्य प्रदेश के खाण्डवा में हुआ था।

**4. How many cyber tehsils will be established in the State of Madhya Pradesh?**
**मध्य प्रदेश राज्य में कुल कितने साईबर तहसील स्थापित किये जाएंगे?**

(a) 4 (b) 6
(c) 8 (d) 10

**MPPSC VAS Exam-2023**

**Ans. (b) :** मध्य प्रदेश राज्य में कुल 6 साइबर तहसील स्थापित किए जा रहे हैं। 9 अक्टूबर, 2022 को मध्य प्रदेश के सीहोर और दतिया जिलों में साइबर तहसील बनाने के पायलट प्रोजेक्ट की सफलता के बाद इस नवाचार योजना का दूसरा चरण इंदौर, हरदा, डिंडोरी और सागर में क्रियान्वित किया जा रहा है। साइबर तहसील लागू करने वाला मध्य प्रदेश देश का एकमात्र राज्य है। दूसरे पायलट प्रोजेक्ट की सफलता के बाद इसे पूरे प्रदेश में लागू करने की योजना बनाई जा रही है।

**5. How many Muncipal Corporations are there in Madhya Pradesh ?**
**मध्यप्रदेश में कितने नगर निगम है ?**

(a) 10 (b) 20
(c) 15 (d) 16

**MPPSC Forest Service (Mains) Exam-2020**

**Ans. (d) :** प्रश्नकाल में मध्य प्रदेश में नगर निगमों की कुल संख्या 16 थी। वर्तमान में मध्य प्रदेश में 17 नगर निगम हैं।

**6. Which of the following states is situated on the East side of Madhya Pradesh?**
**निम्नलिखित में से कौन सा राज्य मध्य प्रदेश के पूर्व की ओर स्थित है?**

(a) Chhattisgarh/छत्तीसगढ (b) Rajasthan/राजस्थान
(c) Gujarat/गुजरात (d) Maharashtra/महाराष्ट्र

**MPPEB-Police Constable Exam 05/02/2022 (Shift-I)**
**MPPEB Police Constable Exam 14/02/2022 (Shift - I)**

**Ans. (a) :** मध्य प्रदेश राज्य की सीमा कुल पांच राज्यों से लगी हुई है, जिसमें छत्तीसगढ़ (पूर्व में), उत्तर प्रदेश (उत्तर में), राजस्थान (उत्तर-पश्चिम में), महाराष्ट्र (दक्षिण) एवं गुजरात (पश्चिम) राज्य हैं, मध्य प्रदेश का कुल क्षेत्रफल 3,08,245 वर्ग किमी. है, जो भारत के कुल क्षेत्रफल का 9.38% हैं। मध्य प्रदेश की उत्तर से दक्षिण की लम्बाई 605 किमी. जबकि पूर्व से पश्चिम लम्बाई 870 किमी. है।

**7. In how many parganas was the Rajgarh state divided in 1908 ?**
**1908 में राजगढ़ राज्य को कितने परगनों में विभाजित किया गया था?**

(a) 7 (b) 9
(c) 10 (d) 12

**MPPEB-Police Constable Exam 05/02/2022 (Shift-I)**

**Ans. (a) :** राजगढ़ राज्य को 1908 में कुल सात परगनों में विभाजित किया गया था। जिसमें नयालगंज, बियोरा, कालीपीठ, करनवास, कोटरा, सोगागढ़ और तलेन। राजगढ़ जिले का गठन 1948 में किया गया।

**8. Where can one find the life-size statue of Rani Ahilya Bai seated on a throne at Ahilya Bai Fort and Palace?**
**अहिल्या बाई किले और महल में सिंहासन पर विराजमान रानी अहिल्या बाई की आदमकद मूर्ति कहाँ मिल सकती है?**

(a) Indore/इंदौर (b) Mandsaur/मन्दसौर
(c) Maheshwar/माहेश्वर (d) Morena/मुरैना

**MPPEB-Police Constable Exam 19/01/2022 (Shift-I)**

**Ans. (c) :** होल्कर की रानी अहिल्या बाई की आदमकद मूर्ति होल्करों की राजधानी माहेश्वर में स्थित हैं। रानी अहिल्या बाई ने ही इसे अपनी राजधानी बनाया।

**9. Which is the northernmost district of Madhya Pradesh?**
**इसमें कौन सा मध्य प्रदेश का सबसे उत्तरी जिला है ?**

(a) Shivpuri/शिवपुरी (b) Chhatarpur/छतरपुर
(c) Morena/मुरैना (d) Guna/गुना

**MPPEB-Police Constable Exam 05/02/2022 (Shift-II)**

**Ans. (c) :** मध्य प्रदेश का सबसे उत्तरी जिला मुरैना है। पूर्वी जिला सिंगरौली, पश्चिमी जिला अलीराजपुर एवं दक्षिणी जिला बुरहानपुर हैं। मुरैना जिले का नाम वहाँ मोर पक्षी की अधिकता के कारण पड़ा। यहाँ चबंल, सुवारी, संक तथा आसन नदियाँ प्रवाहित होती है।

**10. Madhya Pradesh was established by merging how many States on 1 November 1956?**
**1 नवम्बर 1956 में मध्य प्रदेश की स्थापना कितने राज्यों को मिलाकर की गई थी?**

(a) 2 (b) 3
(c) 4 (d) 5

**MPPEB-Police Constable Exam 18/01/2022 (Shift-I)**

**Ans. (c):** मध्य प्रदेश की स्थापना 1 नवम्बर 1956 को कुल चार राज्यों को मिलाकर की गई थी। वर्तमान में मध्य प्रदेश में कुल 55 जिलें हैं। मध्य प्रदेश का राजकीय पुष्प सफेद लिली, राजकीय वृक्ष, बरगद एवं राजकीय फल आम, राजकीय पशु बारहसिंघा तथा राजकीय खेल मलखम्भ है।

**11. As per area, Madhya Pradesh is the 2nd largest state in India after______________.**
**क्षेत्रफल के अनुसार, मध्य प्रदेश ____________ के बाद भारत का दूसरा सबसे बड़ा राज्य है।**

(a) Uttar Pradesh/उत्तर प्रदेश
(b) Rajasthan/राजस्थान
(c) Uttara Khand/उत्तराखंड
(d) Gujarat/गुजरात

**MPPEB-Police Constable Exam 20/01/2022 (Shift-I)**

**Ans. (b) :** क्षेत्रफल के अनुसार राज्यों का क्रम- राजस्थान मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, गुजरात। अतः मध्य प्रदेश राजस्थान के बाद दूसरा सबसे बड़ा राज्य है।

**12. Which of the following became 52nd district of Madhya Pradesh?**
**निम्न में से कौन मध्य प्रदेश का 52वाँ जिला बना?**

(a) Agar Malwa /आगर मालवा
(b) Nagda /नागदा
(c) Niwari /निवाड़ी
(d) Ashok Nagar /अशोक नगर

**MPPEB-Police Constable Exam 31/01/2022 (Shift-I)**

**Ans. (c) :** 1 अक्टूबर 2018 को टीकमगढ़ जिले के कुछ भाग को काटकर मध्य प्रदेश का 52 वाँ जिला निवाड़ी को बनाया गया इसका क्षेत्रफल 1170 वर्ग किमी. हैं। वर्तमान में राज्य में कुल 55 जिले हैं।

**13. Which of the following districts shares its border with Maharashtra?**
**निम्नलिखित में से किस जिले की सीमा महाराष्ट्र से लगती है?**

(a) Narsinghpur/नरसिंहपुर (b) Betul/बैतूल
(c) Ratlam/रतलाम (d) Chhatarpur/छतरपुर

**MPPEB-Police Constable Exam 31/01/2022 (Shift-I)**

**Ans. (b) :** महाराष्ट्र से मध्य प्रदेश के कुल 10 जिलों की सीमा लगती है- बैतूल, अलीराजपुर, बड़वानी, खरगोन, बुरहानपुर, खंडवा, छिंदवाड़ा, पांढुर्ना, सिवानी, बालाघाट।

**14. Which of the following districts borders Chhattisgarh and Maharashtra?**
**निम्नलिखित में से किस जिले की सीमा छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र से लगती है?**

(a) Balaghat/बालाघाट (b) Seoni/सिवनी
(c) Harda/हरदा (d) Sagar/सागर

**MPPEB-Police Constable Exam 30/01/2022 (Shift-II)**

**Ans. (a) :** मध्य प्रदेश के 7 जिले सीधी, शहडोल, डिडोंरी, बालाघाट, सिंगरौली, अनूपपुर, मण्डला छत्तीसगढ़ की सीमा से एवं 10 जिलें - बालाघाट, सिवानी, छिंदवाड़ा, पांढुर्ना, खंडवा, बुरहानपुर, खरगोन, बड़वानी, अलीराजपुर, बैतूल, महाराष्ट्र की सीमा से लगते हैं। इस प्रकार बालाघाट जिला महाराष्ट्र एवं छत्तीसगढ़ दोनों राज्यों से सीमा साझा करता हैं।

**15. In which year the Central Province came in existence?**
**मध्य प्रांत किस वर्ष अस्तित्व में आया?**

(a) 1860 (b) 1861
(c) 1862 (d) 1863

**MPPEB-Police Constable Exam 30/01/2022 (Shift-I)**

**Ans. (b) :** मध्य प्रांत का अस्तित्व 1861 ई. में सौगोर, नेरबुड्डा और नागपुर प्रांत के विलय फलस्वरूप आया, 1950 में पूर्व मध्यप्रांत, बरार, मकराई के राजसी राज्य और छत्तीसगढ़ को मिलाकर मध्यप्रदेश का गठन हुआ और नागपुर को इसकी राजधानी बनाया गया। किन्तु राज्य पुर्नगठन अधिनियम के तहत 1 नवम्बर 1956 को मध्य प्रदेश का फिर से पुर्नगठन किया गया।

**16. Which of the following district shares its border with Chattisgarh ?**
**निम्नलिखित में से किस जिले की सीमा छत्तीसगढ़ से लगती है?**

(a) Anuppur/ अनूपपुर (b) Sagar/ सागर
(c) Damoh/ दमोह (d) Ujjain/उज्जैन

**MPPEB-Police Constable Exam 30/01/2022 (Shift-I)**

**Ans. (a) :** मध्य प्रदेश के कुल 7 जिले छत्तीसगढ़ राज्य से सीमा साझा करते हैं- सीधी, शहडोल, अनूपपुर, डिडोंरी, मंडला, बालाघाट, सिंगरौली।

**17. Which of the following district shares its border with Rajasthan?**
**निम्नलिखित में से किस जिले की सीमा राजस्थान से लगती है?**

(a) Satna /सतना
(b) Guna /गुना
(c) Ashoknagar /अशोकनगर
(d) Mandla /मंडला

**MPPEB-Police Constable Exam 27/01/2022 (Shift-II)**

**Ans. (b) :** मध्य प्रदेश के कुल 10 जिलें राजस्थान राज्य से सीमा साझा करते है- गुना, शिवपुरी, मुरैना, राजगढ़, नीमच, मंदसौर, रतलाम, झाबुआ, श्योपुर, आगर मालवा। मुरैना मध्य प्रदेश का सबसे उत्तरी जिला है।

**18. Which of these are the most important towns in Malwa region?**
**इनमें से कौन-मालवा क्षेत्र में सबसे महत्वपूर्ण शहर हैं?**

(a) Panna and Ujjain/पन्ना और उज्जैन
(b) Ujjain and Indore/उज्जैन और इंदौर
(c) Rewa and Bhind/रींवा और भिण्ड
(d) Umaria and Rewa/उमरिया और रीवा

**MP Police Constable 1/08/2016 (Shift-III)**
**MP Police Constable 31/01/2022 (Shift-I)**
**MP Police Constable 20/01/2022 (Shift-II)**

**Ans : (b)** मालवा क्षेत्र मध्य प्रदेश के पश्चिमी भाग तथा राजस्थान के दक्षिणी पश्चिमी भाग में अवस्थित है। मालवा प्राचीन काल से ही एक अलग स्वतंत्र राजनीतिक इकाई रहा है। मालव क्षेत्र ज्वालामुखी उद्‌गार से निर्मित हुआ है। मालवा का यह नाम 'मालवा जनजाति' के आधार पर पड़ा। वर्तमान समय में 47,790 वर्ग किमी. में फैले इस क्षेत्र में उज्जैन, इन्दौर, मंदसौर, देवास, धार तथा विदिशा आदि जिले आते हैं। जिनमें उज्जैन एवं इन्दौर प्रमुख शहर है।

**19. The 51st district of Madhya Pradesh belongs to which division?**
**मध्य प्रदेश का 51वां जिला किस संभाग के अंतर्गत आता है?**

(a) Ujjain/उज्जैन
(b) Narmadapuram/नर्मदापुरम
(c) Jabalpur/जबलपुर
(d) Bhopal/भोपाल

**MP Police Constable 24/07/2016 (Shift-I)**

**Ans : (a)** मध्य प्रदेश के 51वें जिले के रूप में 16 अगस्त 2015 को शाजापुर जिले के कुछ भागों को अलग करके आगर मालवा जिले के रूप में घोषित किया गया है। आगर मालवा जिला मध्य प्रदेश के उज्जैन सम्भाग में स्थित है। इस जिले के अन्तर्गत चार तहसीलें आती हैं। वर्तमान में मध्य प्रदेश में कुल 55 जिले हैं।

**20. Which State does not touch the boundary of Madhya Pradesh?**
**मध्य प्रदेश से किस राज्य की सीमा नहीं छूती है?**

(a) Rajasthan /राजस्थान
(b) Gujrat/गुजरात
(c) Jharkand/झारखंड
(d) Maharashtra/महाराष्ट्र

**MP VYAPAM Sub Engineer 09.12.2020 (9.00 AM)**
**MP PSC (Pre) 12/01/2020**
**MP Police Constable 18/01/2022 (Shift-I)**

**Ans. (c) :** मध्य प्रदेश से झारखण्ड की सीमा नहीं छूती है। मध्य प्रदेश को छूने वाले राज्य उत्तर प्रदेश उत्तर पूर्व में, छत्तीसगढ़ दक्षिण-पूर्व में, महाराष्ट्र दक्षिण में, गुजरात पश्चिम में और राजस्थान उत्तर-पश्चिम में स्थित है।

**21. Which of the following is the state tree of Madhya Pradesh ?**
**निम्नलिखित में से मध्य प्रदेश का राजकीय वृक्ष कौन-सा है ?**

(a) Banyan/बरगद (b) Babul/बबूल
(c) Neem/नीम (d) Mango/आम

**PWD - 2013**
**MP Group-2 (Sub-Group-4) 8/01/2017 (Shift-II)**
**MP Group-2 (Sub-Group-4) 28/04/2018 (Shift-II)**
**Assistant Director (Kisan Kalyan and Krishi Vikas ) Exam-2019**

**Ans. (a) :** मध्य प्रदेश का राजकीय वृक्ष बरगद है। इसका वैज्ञानिक नाम फाइकस बैन्गाहलेन्सिस है। मध्य प्रदेश की राजकीय पक्षी दूधराज एशियन पैराडाइज फ्लाईकैचर, राजकीय पशु 'बारहसिंघा', राजकीय पुष्प 'सफेद लिली' है। राजकीय मछली महाशीर, राजकीय खेल 'मलखंब', राजकीय नाट्य माच (माचा) तथा राजकीय नृत्य है।

**22. District Neemuch comes under which division of Madhya Pradesh?**
**जिला नीमच, मध्य प्रदेश के किस संभाग ( डिवीजन ) के अंतर्गत आता है?**

(a) Ujjain/उज्जैन (b) Indore/इंदौर
(c) Hoshangabad/होशंगाबाद (d) Sagar/सागर

**MP High School TET (MATHS) 06/02/2019 (Shift-II)**

**Ans. (a) :** नीमच जिला, मध्य प्रदेश के उज्जैन संभाग के अन्तर्गत आता है। उज्जैन संभाग में अन्तर्गत 7 जिले आते हैं, यथा देवास, इलताम, शाजापुर मंदसौर, नीमच, उज्जैन एवं आगर मालवा। मध्य प्रदेश में कुल 10 संभाग है, जिसके अन्तर्गत 55 जिले सम्मिलित हैं।

**23. Asirgarh Fort is situated in which of the following districts of Madhya Pradesh?**
**असीरगढ़ मध्यप्रदेश निम्नलिखित जिलों में से कहाँ स्थित है ?**

(a) Betul/बैतूल (b) Khandwa/खंडवा
(c) Burhanpur/बुरहानपुर (d) Panna/पन्ना

**MP Group-2 (Sub-Group-2) 23/01/2017 (Shift-I)**
**Assistant Director (Social Justice and Disabled Welfare Department) Exam-2021**

**Ans. (c) :** असीरगढ़ मध्यप्रदेश के बुरहानपुर जिले में स्थित है। बुरहानपुर जिले की सीमा महाराष्ट्र से लगती है। बुरहानपुर जिले के पांधार नामक गाँव में ''असीरगढ़ का किला'' है जिसका निर्माण राजा अहीर ने करवाया था। इस किले में जामा मस्जिद एवं शिव मंदिर भी अवस्थित है। असीरगढ़ के किले को 'दक्खिन का दरवाजा' के नाम से जाना जाता है। इसके जीते बिना दक्षिण भारत में प्रवेश नामुमकिन था।

**24. The 51st district of Madhya Pradesh is .........**
**मध्यप्रदेश का 51 वां जिला ........... है।**

(a) Agar Malwa/आगर मालवा
(b) Mandla/मंडला
(c) Khargone/खरगौन
(d) Alirajpur/अलीराजपुर

**MP VYAPAM Sub Engineer 04.08.2018 (2.00 AM)**
**MP Patwari 24/12/2017 (Shift-I)**
**MP Patwari 24/12/2017 (Shift-II)**

**Ans. (a) :** आगर मालवा मध्यप्रदेश का 51 वां जिला (2013 से) तथा निवाड़ी 52 वां जिला (2018 से) है। राज्य का 53वाँ जिला मऊगंज, 54वाँ पांढुना एवं 55वाँ मैहर को घोषित किया गया है। मध्यप्रदेश क्षेत्रफल के आधार पर भारत का दूसरा सबसे बड़ा राज्य (पहला राजस्थान) है। इसकी राजधानी भोपाल है। मध्यप्रदेश का

वर्तमान स्वरूप 1 नवंबर 2000 को अस्तित्व में आया था। इसमें जिलों की संख्या 55 है। मध्यप्रदेश से सम्बन्धित कुछ महत्त्वपूर्ण जानकारियाँ निम्न है-

| | |
|---|---|
| विधानसभा सदस्यों की संख्या-230 | राजकीय पुष्प-सफेद लिली |
| लोकसभा में सदस्यों की संख्या-29 | राजकीय पशु- बारहसिंगा |
| जिलों की संख्या- 55 | राजकीय वृक्ष- बरगद (वट वृक्ष) |
| सम्भागों की संख्या-10 | |
| राज्यसभा हेतु सीटें- 11 | राजकीय पक्षी- दूधराज |

राज्य के अन्य नाम- हृदय प्रदेश, सोया प्रदेश

**25. Before Alirajpur became a district in 2008, it was a part of ........... district/2008 में अलीराजपुर जिला बनने से पहले यह .......... जिले का एक हिस्सा था।**

(a) Barwani/बड़वानी (b) Jhabua/झबुआ
(c) Ratlam/रतलाम (d) Dhar/धार

**Assistant District Prosecution Officer Examination-2015**
**MP Patwari 24/12/2017 (Shift-II)**
**MP Police Constable 7/02/2022 (Shift-I)**

**Ans. (b) :** आदिवासी बहुल झाबुआ जिले को विभाजित करके बनाया गया नया जिला अलीराजपुर 2008 में बना था। शिवराज सिंह चौहान द्वारा अलीराजपुर शहर में एक प्रभावशाली समारोह में बड़ी संख्या में लोगों ज्यादातर आदिवासियों की उपस्थिति में राज्य के 49वें जिलें के रूप में समर्पित किया गया था। इस क्षेत्र में मुख्य रूप से 3 जनजातियाँ भील, भिलाला और पटेलिया शामिल हैं।

**26. The most populated city in Madhya Pradesh is ---------**
**मध्य प्रदेश का सबसे अधिक आबादी वाला शहर ---------- है।**

(a) Jabalpur/जबलपुर (b) Indore/इंदौर
(c) Gwalior/ग्वालियर (d) Satna/सतना

**MP Patwari 22/12/2017 (Shift-II)**
**Assistant Director (Kisan Kalyan and Krishi Vikas ) Exam-2019**

**Ans. (b) :** मध्य प्रदेश का सबसे अधिक शहरी आबादी वाला शहर भोपाल (80.9%) तथा इसके बाद इंदौर (74%) है।
• मध्य प्रदेश का सबसे अधिक जनसंख्या (शहरी तथा ग्रामीण दोनों) इंदौर मे रहती है। मध्य प्रदेश के प्रमुख कम आबादी वाले शहर - डिंडोरी, अलीराजपुर, सीधी, झाबुआ और सिवनी है।

**27. The State that was formed by bifurcating Madhya Pradesh is.........**
**मध्य प्रदेश से विभाजित होने के बाद .........राज्य का गठन किया गया था।**

(a) Chhattisgarh/छत्तीसगढ़ (b) Jharkhand/झारखण्ड
(c) Uttarakhand/उत्तराखण्ड (d) Bihar/बिहार

**MP VYAPAM Sub Engineer 04.08.2018 (2.00 AM)**
**MP Patwari 20/12/2017 (Shift-I)**

**Ans. (a) :** 31 अक्टूबर को मध्य प्रदेश का विभाजन करके 1 नवम्बर 2000 को देश के 26 वें राज्य के रूप में छत्तीसगढ़ का गठन किया गया।

| **छत्तीसगढ़** | **मध्यप्रदेश** |
|---|---|
| लोकसभा सीट - 11 | लोकसभा सीट - 29 |
| राज्य सभा सीट - 05 | राज्यसभा सीट - 11 |
| विधान सभा सीट - 90 | विधान सभा सीट - 230 |

**28. The district head quarters of Singrauli is situated in .............**
**सिंगरौली का जिला मुख्यालय ................ में स्थित है।**

(a) Waidhan/वैढन
(b) Singrauli Nagar/सिंगरौली नगर
(c) Sarai/सराय
(d) Chitranji/चितरंजी

**MP VYAPAM Sub Engineer 08.07.2017 (2.00 PM)**
**MP Patwari 10/12/2017 (Shift-I)**

**Ans. (a) :** मध्य प्रदेश का 50 वाँ जिला सिंगरौली है। इसे 24 मई, 2008 को सीधी जिले से विभाजित करके बनाया गया था। यह ऐतिहासिक रूप से रीवा रियासत का एक हिस्सा रही हैं। जो बघेलखंड क्षेत्र का हिस्सा था। इसका जिला मुख्यालय बैढ़न है। सिंगरौली प्राकृतिक और खनिज संसाधनों से संपन्न क्षेत्र है।

**29. District Panna comes under which Division of Madhya Pradesh?**
**जिला पन्ना, मध्य प्रदेश के किस संभाग ( डिवीजन ) के अंतर्गत आता है?**

(a) Chambal/चंबल
(b) Sagar/सागर
(c) Shahdol/शाहडोल
(d) Gwalior/ग्वालियर

**MP High School TET (BIOLOGY) 30/02/2019 (Shift-I)**

**Ans. (b) :** पन्ना जिला मध्य प्रदेश के सागर संभाग के अन्तर्गत आता है। पन्ना जिले में हीरे की खान है साथ ही यह स्थान प्राचीन एवं सुन्दर मंदिरों के लिए भी प्रसिद्ध है। यहां पन्ना राष्ट्रीय उद्यान भी है जहाँ टाईगर और कई दुर्लभ जीव पाए जाते है।

**30. District Morena comes under which division of Madhya Pradesh ?/जिला मुरैना मध्य प्रदेश के किस संभाग के अंतर्गत आता है?**

(a) Rewa /रीवा
(b) Shahdol /शाहडोल
(c) Sagar /सागर
(d) Chambal /चंबल

**MP High School TET (SOCIOLOGY) 06/02/2019 (Shift-I)**

**Ans. (d) :** मुरैना जिला मध्यप्रदेश के चंबल संभाग के अन्तर्गत आता है। वर्तमान में मध्य प्रदेश में कुल 10 संभाग हैं जिसके अन्तर्गत कुल 55 जिले हैं।

31. **Immediately after Indian independence, Alirajpur become part of the state of ………?**
**भारतीय स्वतंत्रता के तुरंत बाद, अलीराजपुर---------- राज्य का हिस्सा बन गया।**
(a) Madhay Bharat/मध्य भारत
(b) Vindhya Pradesh/विंध्य प्रदेश
(c) Bhopal/भोपाल
(d) None of the above/इनमें से कोई नहीं

**MP VYAPAM Sub Engineer 09.07.2017 (2.00 PM)**
**MP Patwari 28/12/2017 (Shift-I)**

**Ans. (a) :** भारतीय स्वतंत्रता के तुरंत बाद, अलीराजपुर मध्य भारत मध्य प्रदेश राज्य का हिस्सा बना गया। अलीराजपुर जिला पश्चिमी मध्य प्रदेश में स्थित है। इस जिले की सीमाएँ गुजरात व महाराष्ट्र राज्य की सीमाओं को स्पर्श करती हैं। इस जनपद मे मुख्य रूप से भील, भीलाला, बारेला, मानकर, धाणक व कोटवाल जनजाति के लोगों की बहुलता है। अलीराजपुर क्षेत्र पर 15वीं शताब्दी में आदिवासी राजाओं का शासन था।

32. **Which of the following districts does NOT belong to the Narmadapuram Division?**
**निम्नलिखित जिलों में से कौन सा नर्मदापुरम संभाग का नहीं है?**
(a) Hoshangabad/होशंगाबाद
(b) Betul/बैतूल
(c) Sehore /सीहोर
(d) Harda/हरदा

**MP Patwari 12/12/2017 (Shift-I)**
**Dental Surgeon Exam-2019**

**Ans. (c) :** मध्य प्रदेश का सीहोर जिला नर्मदापुरम संभाग का क्षेत्र नहीं है बल्कि भोपाल संभाग के अंतर्गत आता है। नर्मदापुरम सम्भाग के अन्तर्गत हरदा, बैतूल तथा नर्मदापुरम जिले शामिल हैं। इस सम्भाग का निर्माण प्रशासनिक सुविधा के दृष्टिकोण से 2008 में हुआ था। इससे पूर्व में भोपाल सम्भाग का हिस्सा था। उल्लेखनीय है कि मध्य प्रदेश में कुल 10 सम्भाग तथा 55 जिले हैं।

33. **Which of the following is known as the 'energy capital' of Madhya Pradesh ?**
**निम्नलिखित में से किसे मध्य प्रदेश की 'ऊर्जा राजधानी' के रूप में जाना जाता है ?**
(a) Bhopal/भोपाल
(b) Singrauli/सिंगरौली
(c) Jabalpur/जबलपुर
(d) Indore/इंदौर

**MP VYAPAM JE Distribution Electrical 16.08.2017**
**MP Patwari 14/12/2017 (Shift-II)**

**Ans. (b) :** सिंगरौली मध्य प्रदेश की ऊर्जा राजधानी के रुप में जाना जाता है। सिंगरौली रीवा संभाग में स्थित है। इसका क्षेत्रफल 5675 वर्ग किमी. है। सिंगरौली में 130 मीटर मोटी कोयले की परत है। यहाँ एन.टी.पी.सी. का ताप विद्युत केन्द्र है।

34. **Which of the following districts of Madhya Pradesh is also called as Mudwara ?**
**मध्य प्रदेश के निम्नलिखित जिलों में से किसे मुड्वारा कहा जाता है ?**
(a) Sagar/सागर
(b) Anuppur/अनूपुर
(c) Agar Malwa/अगर मालवा
(d) Katni/कटनी

**MP VYAPAM Junior Engineer Electrical 2017**
**MP Patwari 14/12/2017 (Shift-II)**

**Ans. (d) :** मध्य प्रदेश के कटनी जिले को मुड्वारा कहा जाता है। कटनी का प्राचीन नाम मुडवारा है। कटनी नगर का नामकरण कटनी नदी के नाम पर हुआ है। इसे 1998 ई. को जबलपुर से पृथक कर एक नया जिला बनाया गया था।

35. **Madhya Pradesh has how many Lok Sabha constituencies?**
**मध्यप्रदेश में कितने लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र हैं?**
(a) 25 (b) 29
(c) 48 (d) 40

**MP Patwari 15/12/2017 (Shift-I)**
**MP VYAPAM Sub Engineer Electrical 06.04.2016 (Shift-I)**

**Ans. (b) :** मध्यप्रदेश में 29 लोकसभा सीटें, 11 राज्य सभा सीटें तथा 230 निर्वाचित विधानसभा सीटें हैं।

36. **Which city is known as the 'commercial capital' of Madhya Pradesh?/कौन-सा शहर मध्य प्रदेश के 'वाणिज्यिक राजधानी' के रूप में जाना जाता है ?**
(a) Bhopal/भोपाल (b) Indore/इंदौर
(c) Jabalpur/जबलपुर (d) Gwalior/ग्वालियर

**Assistant District Prosecution Officer Examination-2015**
**MP Patwari 19/12/2017 (Shift-I)**

**Ans.(b):** मध्य प्रदेश की 'वाणिज्यिक राजधानी' के रूप में 'इंदौर' शहर को जाना जाता है। पिछली शताब्दी में इस शहर से कपड़े, एवं आभूषण आदि के मामले में महाराष्ट्र एवं गुजरात के साथ प्रमुख व्यवसाय होता था। वर्तमान में यहाँ राष्ट्रीय शिक्षा केन्द्र, खेल गतिविधियों, एमपी स्टॉक एक्सचेंज इत्यादि का विस्तार हुआ है।

37. **Where is the High Court of Madhya Pradesh situated?**
**मध्य प्रदेश का उच्च न्यायालय कहाँ स्थित है?**
(a) Bhopal/भोपाल (b) Jabalpur/जबलपुर
(c) Gwalior/ग्वालियर (d) Indore/इंदौर

**MP Group-2 (Sub-Group-2) 21/01/2017 (Shift-II)**
**Assistant Director (Kisan Kalyan and Krishi Vikas ) Exam-2019**
**MP Police Constable 26/07/2016 (Shift-I)**

**Ans. (b) :** मध्य प्रदेश का उच्च न्यायालय जबलपुर में स्थित है। इसकी स्थापना भारत सरकार अधिनियम, 1935 के तहत वर्ष 1936 में की गई। इसके अधिकार क्षेत्र में केवल मध्य प्रदेश आता है। इस उच्च न्यायालय की मुख्य पीठ जबलपुर में है।

38. ________ is the state fruit of Madhya Pradesh.
**मध्यप्रदेश का राजकीय फल है।**

(a) Papaya /पपीता (b) Mango /आम
(c) Guava /अमरुद (d) Banana /केला

**MP Group-2 (Sub-Group-4) 9/01/2017 (Shift-I)**

**Ans. (b) :** आम (वानस्पतिक नाम-मैंगीफेरा इण्डिका) मध्य प्रदेश का राजकीय फल है। राजकीय वृक्ष-बरगद (फाइकस वेनगैलेसिस), राजकीय नदी- नर्मदा राज्य मछली-महाशीर, राज्य पक्षी-दूधराज, राजकीय पशु-बारहसिंगा।

**39. Madhya Pradesh is the ________ state by area in India.**
**क्षेत्रफल के दृष्टिकोण से, मध्यप्रदेश भारत का ------ राज्य है।**

(a) Second largest/दूसरा सबसे बड़ा
(b) Largest/सबसे बड़ा
(c) Third largest/तीसरा सबसे बड़ा
(d) Fourth largest/दूसरा सबसे बड़ा

**MP Group-2 (Sub-Group-4) 8/01/2017 (Shift-II)**
**MP Group-2 (Sub-Group-3) 27/03/2018 (Shift-II)**

**Ans. (a) :** क्षेत्रफल के आधार पर मध्य-प्रदेश भारत का दूसरा सबसे बड़ा राज्य है। क्षेत्रफल के आधार पर भारत का सबसे बड़ा राज्य राजस्थान है। जम्मू और कश्मीर क्षेत्रफल के लिहाज से भारत का सबसे बड़ा केन्द्र शासित प्रदेश है। मध्य प्रदेश में उद्योग काफी हद तक प्राकृतिक संसाधनों पर निर्भर है। यहाँ चूना पत्थर, कोयला, तिलहन, दालें, बॉक्साइट,लौह अयस्क, हीरा, तांबा, अयस्क, मैंगनीज, सिलिका सोया, कपास आदि अन्य प्राकृतिक संपदा प्रचुर मात्रा में है।

**40. ______ is the state flower of Madhya Pradesh.**
**______, मध्यप्रदेश का राजकीय पुष्प है।**

(a) White Lilly/सफ़ेद लिली
(b) Rose/गुलाब
(c) Lotus/कमल
(d) Jasmine/चमेली

**Drug Inspector-2013**
**MP Group-2 (Sub-Group-4) 8/01/2017 (Shift-I)**
**MP Group-2 (Sub-Group-2) 22/01/2017 (Shift-I)**

**Ans. (a) :** मध्य प्रदेश सामान्य जानकारी –

| | | |
|---|---|---|
| गठन | – | 1नवम्बर, 1956 |
| राजधानी | – | भोपाल |
| राजकीय पुष्प | – | सफेद लिली |
| राजकीय पशु | – | बारहसिंगा |
| राजकीय पक्षी | – | दूधराज |
| राजकीय वृक्ष | – | बरगद |
| राजकीय नृत्य | – | राई |
| राजकीय खेल | – | मलखंब |

**41. In Madhya Pradesh Urban Body Day celebrated on which Day?**
**मध्य प्रदेश नगरीय निकाय दिवस किस दिन मनाया जाता है?**

(a) 1st November/1 नवंबर
(b) 2nd November/2 नवंबर
(c) 25th December/25 दिसंबर
(d) 6th April/6 अप्रैल

**MP VYAPAM Sub Engineer Electrical 06.04.2016 (Shift-I)**
**MP RHEO 1/10/2016 (Shift-I)**

**Ans. (b) :** मध्य प्रदेश में 2 नवम्बर को नगरीय निकाय दिवस मनाया जाता है। मध्य प्रदेश राज्य की स्थापना राज्य पुनर्गठन अधिनियम, 1956 के तहत की गयी थी। मध्य प्रदेश का पहला नगर निगम 1864 में जबलपुर में स्थापित हुआ था। मध्य प्रदेश में नगर निगमों की संख्या 17 है।

**42. Which of the following states is to south of Madhya Pradesh?**
**निम्नलिखित में से कौन-सा राज्य मध्यप्रदेश के दक्षिण दिशा में स्थित है ?**

(a) Rajasthan/राजस्थान
(b) Uttar Pradesh/उत्तर प्रदेश
(c) Maharasthra/महाराष्ट्र
(d) Gujarat/गुजरात

**MPPEB Constable Exam 07/04/2013**
**MP Group-2 (Sub-Group-4) 12/01/2017 (Shift-I)**
**MP Group-2 (Sub-Group-2) 22/01/2017 (Shift-II)**

**Ans. (c) :** दिये गये विकल्पों में से महाराष्ट्र राज्य मध्य प्रदेश के दक्षिण दिशा में स्थित है। गुजरात मध्य प्रदेश के पश्चिम में, उत्तर प्रदेश उत्तर में, दक्षिण-पूर्व में छत्तीसगढ़ तथा राजस्थान पश्चिम-उत्तर में अवस्थिति राज्य है। महाराष्ट्र भारत के पश्चिमी प्रायद्वीप में स्थित है। इसकी राजधानी मुंबई है जो भारत का सबसे बड़ा महानगर और देश की आर्थिक राजधानी है।

**43. Old name of Gwalior is -**
**ग्वालियर का पुराना नाम है-**

(a) Gopagiri/गोपगिरी (b) Rewanchal/रेवांचल
(c) Geetanjali/गीताजंली (d) Gwadar/ग्वादर

**MP Group-2 (Sub-Group-2) 22/01/2017 (Shift-II)**
**MP Police Constable 19/07/2016 (Shift-I)**

**Ans. (a) :** ग्वालियर का पुराना नाम गोपगिरी या गोपाद्रि है। ग्वालियर भारतीय राज्य मध्य प्रदेश का एक प्रमुख शहर है। यह एक ऐतिहासिक शहर है जो अपने मंदिरों, प्राचीन महलों और स्मारकों के लिए प्रसिद्ध है। इस महानगर को मध्य प्रदेश की पर्यटक राजधानी भी कहा जाता है। ग्वालियर 1948 से 1956 तक मध्य भारत की राजधानी था। रानी लक्ष्मीबाई स्मारक, गोपाचलपर्वत, तानसेन स्मारक, जयविलास महल यहां के प्रमुख पर्यटन स्थल है।

**44. How many Municipal Corporations are there In Madhya Pradesh?**
**मध्यप्रदेश में कुल कितने नगर निगम हैं?**

(a) 14 (b) 15
(c) 13 (d) 12

**MP High School TET (APOFESSION) 02/02/2019 (Shift-I)**

**Ans. (a) :** प्रश्नकाल के समय मध्य प्रदेश में कुल 14 नगर निगम थे जो वर्तमान में बढ़कर 17 हो गई है।

**45. The name of 'Madhya Pradesh' was given to the State by**
**मध्य प्रदेश का नाम ______ने दिया था।**

(a) Mahatma Gandhi/महात्मा गांधी
(b) Peshwa Baji Rao/पेशवा बाजी राव
(c) Jawaharlal Nehru/जवाहरलाल नेहरु
(d) Jyotiba Phule/ज्योतिबा फुले

**PEB ANM 23rd Jan 2016, 3:00 PM**
**State Forest Service Examination 2018 FA**

**Ans. (c) :** मध्य प्रदेश का नाम जवाहरलाल नेहरू द्वारा दिया गया था। मध्य प्रदेश देश के मध्य में स्थित है, इसलिए इसे हृदय प्रदेश भी कहा जाता है। मध्य प्रदेश को ब्रिटिश काल में सेन्ट्रल प्रोविंसेस नाम से जाना जाता था।

**46. The state symbol of Madhya Pradesh is a**
**मध्य प्रदेश का राजकीय प्रतीक है।**

(a) Square with a tiger/एक चौकोर में बाघ
(b) Circle with a Sal tree/एक वृत्त में साल का पेड़
(c) Circle with a Banyan Tree
एक वृत्त में बरगद का पेड़
(d) Square with a Banyan tree
एक चौकोर में बरगद का पेड़

**PEB ANM 23rd Jan 2016, 3:00 PM**
**Diploma in Animal Husbandry Entrance Test (DAHET) - 2020**

**Ans. (c) :** मध्य प्रदेश के राजकीय प्रतीक या चिह्न में सबसे बाहर 24 स्तूप अंकित हैं। इसके बाद एक वृत है जिसके अन्दर मध्य प्रदेश शासन और सत्यमेव जयते उत्कीर्ण है साथ ही राज्य की प्रमुख फसलें गेहूँ और धान की बालियाँ भी अंकित हैं। केन्द्रीय वृत में अशोक स्तम्भ की सिंह आकृति और राज्य वृक्ष बरगद को दर्शाया गया है।

**47. Madhya Pradeh was formerly known as**
**मध्य प्रदेश को पहले कहा जाता था**

(a) Bewar/बेवार
(b) Nizam Dominions/निजाम अधिराज्य
(c) Central Provinces/मध्य प्रान्त
(d) United Provinces/संयुक्त प्रान्त

**PEB ANM 23rd Jan 2016, 12:00 PM**
**Assistant Director (Social Justice and Disabled Welfare Department) Exam-2021**

**Ans. (c) :** 1950 में, पूर्व ब्रिटिश केन्द्रीय प्रांत, और बरार, मकराई के राज्य और छत्तीसगढ़ को साथ मिलाकर मध्य प्रांत का गठन किया। तब इसको मध्य प्रांत के नाम से जाना जाता था। यहां के मुख्यमंत्री रवि शंकर शुक्ल थे।

**48. The capital of Madhya Pradesh before 1st November 1956 was**
**1 नवम्बर 1956 से पहले मध्य प्रदेश की राजधानी थी**

(a) Bhopal/भोपाल (b) Nagpur/नागपुर
(c) Ujjain/उज्जैन (d) Gwalior/ग्वालियर

**MP VYAPAM Sub Engineer 22.02.2015**
**PEB ANM 23rd Jan 2016, 12:00 PM**
**MP Police Constable 25/07/2016 (Shift-I)**

**Ans. (b) :** 1 नवम्बर 1956 के पहले मध्य प्रदेश की राजधानी नागपुर थी। परंतु 1956 में भाषायी आधार पर राज्यों के पुर्नगठन के फलस्वरूप नागपुर का महाराष्ट्र में विलय तथा मध्य प्रांत में भोपाल सहित अन्य रियासतों के मिलने से बने नये मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल बनायी गई जो पहले सीहोर जिले की एक तहसील थी। राजधानी बनने के बाद 1972 में भोपाल को जिला घोषित किया गया।

**49. Which of the following is the official language of Madhya Pradesh?**
**निम्न में से मध्य प्रदेश की कौन सी राजभाषा है?**

(a) Hindi/हिन्दी
(b) Bhilai/भिलाई
(c) Gamit/गमीत
(d) Ardhamagadhi/अर्धमागधि

**Drug Inspector -2013**
**Dental Surgeon Exam-2019**
**MPPEB Constable Exam 30/01/2022 (Shift II)**

**Ans. (a) :** मध्य प्रदेश की राजभाषा हिन्दी है। भारतीय संविधान का भाग -17, अनुच्छेद 343 से अनुच्छेद 351 तक हिन्दी भाषा से संबंधित है।

**50. Which of the following is the state bird of Madhya Pradesh**
**निम्नलिखित में से कौन मध्य प्रदेश का राजकीय पक्षी है?**

(a) Asian Paradise Flycatcher/दूधराज या सुल्ताना बुलबुल (एशियाई पैराडाइज फ्लाईकचर)
(b) Great Hornbill/महाधनेश (ग्रेट हॉर्नबिल)
(c) Indian Bustard/गोडावण (इंडियन बस्टर्ड)
(d) Indian Roller/नीलकंठ (इंडियन रोलर)

**MP PSC 2003, 2018**
**MP Tourism 2013**
**MP PEB ANM 23rd jan 2016 (Shift-I)**
**MP Constable 031/09/2017 (Shift-II)**
**MP Group-2 (Sub-Group-4) 9/01/2017 (Shift-II)**
**PEB Patwari Exam. 2018**

**Ans. (a) :** मध्य प्रदेश का राष्ट्रीय पक्षी दूधराज या सुल्ताना बलुबुल (एशियाई पैराडाइज फ्लाईकचर) है। वर्ष 1985 में इसे मध्य प्रदेश का राजकीय पक्षी घोषित किया गया।

मध्य प्रदेश के राजकीय प्रतीक

| | | |
|---|---|---|
| भाषा | - | हिन्दी |
| गीत | - | सुख का दाता सबका साथी |
| राष्ट्रीय पशु | - | बारह सिंगा |
| राष्ट्रीय पक्षी | - | इंडियन पैराडाइज फ्लाइकैचर |
| फूल | - | सफेद लिली |
| फल | - | आम |
| पेड़ | - | बरगद का पेड़ |

51. **When did Madhya Pradesh in it present form come into existence?**
**मध्य प्रदेश अपने वर्तमान स्वरूप में कब अस्तित्व में आया?**
(a) Ist November 2000/ 1 नवम्बर, 2000
(b) Ist November 1956/ 1 नवम्बर, 1956
(c) 15th August 1947/ 15 अगस्त, 1947
(d) 26th January 1950/26 जनवरी, 1950

**MP VYAPAM Sub Engineer Electrical 22.02.2015**
**PEB Patwari Exam. 2018**
**MPPEB Police Constable 30/01/2022 (Shift II)**

**Ans. (a) :** 1 नवंबर 2000 में छत्तीसगढ़ के गठन के बाद मध्य प्रदेश अपने वर्तमान स्वरूप में आया। वर्तमान में मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान हैं और राज्यपाल श्री मंगूभाई पटेल हैं। मध्य प्रदेश में विधानसभा सीट 230 है तथा राज्य सभा सीट- 11 सीट, लोकसभा का- 29 सीटे हैं। उच्च न्यायालय-जबलपुर, खण्डपीठ- इंदौर व ग्वालियर।

52. **The State fish of Madhya Pradesh is 'Mahasheer' which belong to the Genus____.**
**मध्य प्रदेश की राज्य मछली 'महाशीर' _____जीन से संबंधित है।**
(a) Pristis/प्रिस्टिस (b) Antigonia/एंटीगोनिया
(c) Tinca/टिनका (d) Tor/टोर

**Jail Department-Prahari (Karyapalik) Recruitment 2018**

**Ans. (d) :** मध्य प्रदेश की राज्य मछली "महाशीर" टोर जीन से सम्बन्धित है। टाइगर आफ रिवर कहलाने वाली महाशीर (टोर-टोर) विलुप्त होने के कगार पर पहुँच गई है। कुछ समय तक यह मछली नर्मदा नदी में कुल मछलियों की 25 प्रतिशत तक पायी जाती थी लेकिन अब इनकी संख्या 4 प्रतिशत से भी कम रह गई है।

53. **मध्य प्रदेश राज्य का पुनर्गठन हुआ—**
(a) 26 जनवरी, 1950 (b) 1 नवम्बर, 1956
(c) 1 अक्टूबर, 1995 (d) 26 नवम्बर, 1950

**उत्तर—(b)** **MP PSC 1992**
**State Forest Service Examination 2018 FA**

**व्याख्या—** मध्य प्रदेश राज्य का पुनर्गठन राज्य पुनर्गठन अधिनियम 1956 के द्वारा 31 अक्टूबर, 1956 की मध्य रात्रि (1 नवम्बर, 1956 की सुबह होने वाला था) को किया गया। अत: विकल्प (b) सही है। इस नवगठित प्रदेश के प्रथम राज्यपाल पट्टाभि सीतारमैया तथा मुख्यमंत्री पं. रविशंकर शुक्ल थे।

54. **इनमें से कौन-सा कथन सही नहीं है?**
(a) रीवा विन्ध्य प्रदेश की राजधानी थी
(b) ग्वालियर मध्य भारत की राजधानी थी
(c) जबलपुर महाकौशल की राजधानी थी
(d) भोपाल चोल राज्य की राजधानी थी

**उत्तर - (d)** **MP PSC 1995**
**MP VYAPAM Sub Engineer 09.12.2020 (9.00 AM)**

**व्याख्या-** सन् 1947 में सेंट्रल प्रोविन्स व बरार में बघेलखण्ड व छत्तीसगढ़ की रियासतों को सम्मिलित कर मध्य प्रदेश राज्य बना जो पार्ट ए का स्टेट था। इसकी राजधानी 'नागपुर' थी। 1947 में ही उत्तर में स्थित रियासतों को मिलाकर विंध्य प्रदेश बनाया गया, जिसकी राजधानी 'रीवा' थी। पूर्व मध्य प्रदेश के पश्चिमी रियासतों को मिलाकर मध्य भारत बनाया गया, जिसकी राजधानी 'ग्वालियर' और इंदौर दोनों थी। भोपाल पृथक् राज्य था जो पार्ट सी का स्टेट था। सन् 1956 के राज्य पुनर्गठन अधिनियम द्वारा राज्य की सीमा में निम्नलिखित परिवर्तन किये गये। बुल्ढाना, अकोला, अमरावती, यवतमाल, वर्धा, नागपुर, भन्डारा व चांदा जिले तत्कालीन मुम्बई राज्य में मिला दिये गये। वर्तमान में ये महाराष्ट्र के भाग है। इसके अतिरिक्त शेष भाग मध्य प्रदेश में सम्मिलित कर दिया गया। मन्दसौर जिले की भानपुरा तहसील के अतिरिक्त पार्ट सी का राज्य मध्य प्रदेश का भाग बन गया। भोपाल राज्य को भी मध्य प्रदेश में मिला दिया गया। पार्ट सी के राज्य विंध्य प्रदेश को भी मध्य प्रदेश में मिला दिया गया। इस प्रकार उपर्युक्त सीमाओं में परिवर्तन के पश्चात मध्य प्रदेश का निर्माण 1 नवम्बर, 1956 को हुआ, जिसकी राजधानी भोपाल (जो सिहोर जिले की एक तहसील थी) को बनाया गया। वर्ष 2000 के राज्य पुनर्गठन के आधार पर मध्य प्रदेश से छत्तीसगढ़ राज्य अलग कर दिया गया।

55. **मध्य प्रदेश में कौन-सा खेल 'राज्य खेल' घोषित किया गया है?**
(a) कबड्डी (b) खो-खो
(c) मलखंब (d) वॉलीबॉल

**MP PSC 2009**
**MP ANM 2013**
**MP Tourism 2013**
**MP Constable 12 sept 2017 (Shift-I)**

**उत्तर** - (c) वर्तमान में मध्य प्रदेश का राजकीय खेल मलखम्ब है। जिसे 10 अप्रैल 2013 को घोषित किया गया है। मलखम्ब भारत के प्राचीन खेलों में से एक है। यह कम से कम समय में शरीर के हर एक अंग की कसरत सुनिश्चित करता है।

56. **In which year did Madhya Pradesh declare Malkhamb as its State Sport?**
**किस वर्ष में मध्य प्रदेश ने मलखम्ब को राज्य खेल घोषित कर दिया था?**
(a) 2011 (b) 2014
(c) 2012 (d) 2013

**MP SI 26 OCT 2017**

**Ans. (d) :** उपरोक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

57. **मध्य प्रदेश में जिलों की संख्या है –**
(a) 48 (b) 50
(c) 46 (d) 49

**उत्तर** - (*) **MP PSC 2009**
**MP VYAPAM Draftsman Civil Surveyor 08.07.2017 (9.00 AM)**
**MPPEB Police Constable Exam 05/02/2022**

**व्याख्या** – वर्तमान में मध्य प्रदेश में 10 संभाग तथा 55 जिले हैं। जिसमें 16 अगस्त 2013 को शाजापुर जिले से अलग करके "आगर मालवा" जिले का गठन किया गया है एवं टीकमगढ़ से अलग करके 1 अक्टूबर, 2018, (52वां) को "निवाड़ी" जिला का गठन किया गया।

**58. 1.11.2000 को मध्य प्रदेश के विभाजन के समय मुख्यमंत्री कौन था?**

(a) अर्जुन सिंह
(b) दिग्विजय सिंह
(c) सुन्दरलाल पटवा
(d) वीरेन्द्र कुमार सकलेचा

**उत्तर** – (b) **MP PSC 2012**

**Assistant Director (Kisan Kalyan and Krishi Vikas ) Exam-2019**

**व्याख्या** – 1 नवम्बर, 2000 को मध्य प्रदेश के विभाजन के समय वहां के मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह (कार्यकाल 1-12-1998 से 8-12-2003) थे।

**59. Which among the following are state animal, state bird and state tree respectively of Madhya Pradesh?**
**निम्न में से कौन से क्रमश: मध्य प्रदेश के राजकीय पशु, पक्षी व पेड़ हैं?**

(a) Barahsingha, Dudhraj, Banyan
बारहसिंगा, दूधराज, वट
(b) Cheetal, Sonchiriya, Peepal
चीतल, सोनचिरैया, पीपल
(c) Tiger, Dudhraj, Neem/चीता, दूधराज, नीम
(d) Lion, Dudhraj, Banyan/शेर, दूधराज, वट

**M.P. ANM 2013**
**Assistant District Prosecution Officer Examination-2015**
**MPPEB Police constable Exam 07/04/2013**

**Ans. (a) :** मध्य प्रदेश का राजकीय पशु बारहसिंगा, पक्षी दूधराज तथा पेड़ वट (बरगद) है। मध्य प्रदेश सरकार ने 1 Nov. 1981 को प्रदेश के रजत जयंती के अवसर पर राज्य प्रतीक अधिनियम 1981 को पारित कर राज्य के प्रतीक चिह्नों जैसे- राजकीय पशु, राजकीय वृक्ष, राजकीय फूल, राजकीय पक्षी, आदि के नामों को घोषित किया।

**60. A Government Bank Note Press is located in which of the following places in Madhya Pradesh?**
**एक सरकारी बैंक नोट मुद्रणालय मध्य प्रदेश के किस स्थान पर स्थित है?**

(a) Jhabhua/झाबुआ
(b) Jabalpur/जबलपुर
(c) Dewas/देवास
(d) Rewa/रेवा

**MP Constable 24 Aug. 2017 1st Shift**
**Homeopathy Medical Officer Examination - 2021**

**Ans. (c) :** सरकारी बैंक नोट मुद्रणालय मध्य प्रदेश के देवास जिले में स्थित है, इसकी स्थापना 1974 में की गई। यहाँ पर 10, 20, 50, 100, 500 तथा 2000 रुपये के नोट छापे जाते थे। वर्ष 1967 में होशंगाबाद में सिक्योरिटी पेपर मिल की स्थापना की गई, जहाँ पर स्टाम्प पेपर तथा नोट बनाने वाले कागज का उत्पादन किया जाता है।

**61. _______is the state animal of Madhya Pradesh.**
**_______मध्य प्रदेश का राजकीय पशु है**

(a) Sambhar/साम्भर
(b) Indian gaur/भारतीय गौर
(c) Swamp deer/बारह सिंगा
(d) Barking deer/काकड़

**MP PSC 2014**
**MP Constable 24 Aug. 2017 1st Shift**
**MP Group-2 (Sub-Group-4) 28/04/2018 (Shift-I)**
**Assistant Director (Social Justice and Disabled Welfare Department) Exam-2021**

**Ans. (c) :** मध्य प्रदेश का राजकीय पशु-बारहसिंगा है। मध्य प्रदेश के राजकीय प्रतीक–

| | |
|---|---|
| राजकीय वृक्ष | - बरगद |
| राजकीय पक्षी | - दूधराज अथवा शाह-ए-बुलबुल |
| राजकीय मछली | - महाशीर |
| राजकीय पुष्प | - सफेद लिली |
| राजकीय खेल | - मलखम्ब |

**62. What is the formation date of Madhya Pradesh?/मध्य प्रदेश की स्थापना की तिथि क्या है?**

(a) 01 August/01 अगस्त
(b) 01 November/01 नवम्बर
(c) 01 December/01 दिसम्बर
(d) 01 April/01 अप्रैल

**MP PSC Special 2003**
**MP VYAPAM Draftsman Civil Surveyor 04.04.2016 (9.00 AM)**
**MP Constable 17 Sept. 2017 1st shift**
**MP Group-2 (Sub-Group-2) 22/01/2017 (Shift-I)**
**MP Police Constable 03/02/2022 (Shift-I)**

**Ans. (b) :** मध्य प्रदेश की स्थापना 1 नवंबर 1956 को की गयी। मध्य प्रदेश भारत के मध्य में स्थित होने के कारण इसे भारत का हृदय राज्य भी कहते हैं। वर्तमान मध्य प्रदेश छठी शताब्दी ई.पू. में अवन्ति महाजनपद का भाग था जिसकी राजधानी उज्जयिनी (वर्तमान उज्जैन) थी। मध्य प्रदेश राज्य से कुछ जिलों को अलग करके छत्तीसगढ़ राज्य 1 नवंबर 2000 को बनाया गया। मध्य प्रदेश को नदियों का मायका भी कहा जाता है।

**63. Old Vidhan sabha in Bhopal is also famous as which of the following name?/भोपाल में स्थित पुरानी विधानसभा और किस नाम से विख्यात है?**

(a) Edward Hall/एडवर्ड हॉल
(b) Minto Hall/मिंटो हॉल
(c) Indira Hall/इन्दिरा हॉल
(d) Gandhi Hall/गांधी हॉल


**PEB Group-1 graduate Selection Test 20th March 2016, 09:00 AM**
**Assistant District Prosecution Officer Examination-2015**

**Ans. (b) :** भोपाल में स्थित पुरानी विधान सभा को 'मिंटो' हॉल के नाम से जाना जाता है। इस ऐतिहासिक इमारत का निर्माण 12 नवम्बर सन् 1909 में नवाब सुल्तान जहां बेगम ने राज्य में आने वाले विशेष अतिथियों के लिए 'वायसराय लार्ड मिंटो' से इस भवन की आधारशिला रखवाई थी। इसके मुख्य वास्तुकार एसी रोवन थे।

अध्याय

2.

# मध्य प्रदेश का इतिहास




1. **In which district is the Mohankheda Jain Tirth located ?/मोहनखेड़ा जैन तीर्थ निम्न में से किस जिले में स्थित है?**

   (a) Dewas/देवास (b) Dhar/धार
   (c) Burhanpur/बुरहानपुर (d) Khargone/खरगौन

**MPPSC (Pre) 2024 23/06/2024**

**Ans.(b):** मोहनखेड़ा जैन तीर्थ स्थल मध्य प्रदेश के धार जिले में अवस्थित है।

2. **Match the following freedom fighters with their areas of revolution.**

| | |
|---|---|
| **(1) Raja Mardan Singh** | **(i) Nemawar** |
| **(2) Raja Daulat Singh** | **(ii) Bhanpur** |
| **(3) Raja Bakhatvali** | **(iii) Shahgarh** |
| **(4) Murad Ali** | **(iv) Mhow** |

**निम्नलिखित स्वतंत्रता सेनानियों को उनके क्रांति क्षेत्र से सुमेलित कीजिए।**

| | | | |
|---|---|---|---|
| **(1)** | **राजा मर्दन सिंह** | **(i)** | **नेमावर** |
| **(2)** | **राजा दौलत सिंह** | **(ii)** | **भानपुर** |
| **(3)** | **राजा बख्तवली** | **(iii)** | **शाहगढ़** |
| **(4)** | **मुराद अली** | **(iv)** | **महू** |

**Code/कूट:**

| | (1) | (2) | (3) | (4) |
|---|---|---|---|---|
| (a) | (ii) | (i) | (iii) | (iv) |
| (b) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (c) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (d) | (iv) | (iii) | (i) | (ii) |

**MPPSC (Pre) 2024 23/06/2024**

**Ans.(a):** सही सुमेल इस प्रकार है–

| | | | |
|---|---|---|---|
| (i) | राजा मर्दन सिंह | – | भानपुर |
| (ii) | राजा दौलत सिंह | – | नेमावर |
| (iii) | राजा बख्तवली | – | शाहगढ़ |
| (iv) | मुराद अली | – | महू |

**3. Yashodharman, who defeated Huna ruler Mihirkula, was associated with _____dynasty.**
**हूण नरेश मिहिरकुल को परास्त करने वाले यशोधर्मन का संबंध _______ राजवंश से था।**
(a) Bodhi/बोधि (b) Aulikara/औलीकर
(c) Gardabhilla/गर्दभिल्ल (d) Vardhan/वर्धन

**MPPSC Taxation Assistant Exam 2022**

**Ans. (b) :** हूण नरेश मिहिरकुल को परास्त करने वाले यशोधर्मन का सम्बन्ध औलीकर राजवंश से था। मिहिरकुल, तोरमण का पुत्र था। उन्हें ह्वेनसांग द्वारा एक शासक के रूप में वर्णित किया गया है, जिन्होंने पड़ोसी क्षेत्रों को जीतना शुरू किया। 15वें शाही वर्ष में जारी ग्वालियर शिलालेख के अनुसार उनकी संप्रभुता ग्वालियर तक फैली हुई थी। यशोधर्मन 6वीं शताब्दी के प्रारंभिक भाग के दौरान मध्य भारत में मालवा के शासक थे। यह संभवतः दूसरे औलिकारा वंश का था। यशोधर्मन-विष्णुवर्धन का मंदसौर शिलालेख 532 ई. में लिखा गया था। यशोधर्मन के मंदसौर स्तंम्भ शिलालेख, सोंदागी गाँव में एक पुरातात्विक स्थल पर खोजे गये संस्कृत शिलालेखों का एक समूह है।

**4. The battle between rani Avantibai Lodhi and the British army took place at**
**रानी अवंतीबाई लोधी एवं ब्रिटिश सेना के मध्य युद्ध किस स्थान पर हुआ था?**
(a) Khairi, Mandla/खैरी, मण्डला
(b) Nohta, Bhind/नोहटा, भिण्ड
(c) Rehl, Narsinghpur/रहली, नरसिंहपुर
(d) Daulatpur, Mandla/दौलतपुर, मण्डला

**MPPSC Taxation Assistant Exam 2022**

**Ans. (a) :** रानी अवंतीबाई लोधी तथा ब्रिटिश सेना के बीच 23 नवंबर, 1857 को खैरी, मण्डला के प्रसिद्ध युद्ध में मण्डला के डिप्टी कमिश्नर वडिंगटन के फौज को हराकर अद्भुत नेतृत्व कौशल और वीरता का परिचय दिया।

**5. Which Chalcolithic site in not located in Madhya Pradesh?/कौन सा ताम्रपाषाणकालीन पुरास्थल मध्य प्रदेश में स्थित नहीं है?**
(a) Manoti/मनोटी (b) Jorwe/जोर्वे
(c) Kaytha/कायथा-उज्जैन (d) Aawra/आवरा मंदसौर

**MPPSC Taxation Assistant Exam 2022**

**Ans. (b) :** ताम्रपाषाणकालीन स्थल जोर्वे, महाराष्ट्र राज्य के अहमदनगर जिले में स्थित है। यह गोदावरी नदी की सहायक नदी प्रवरा नदी पर स्थित एक गाँव और एक पुरातात्विक स्थल है। शेष मनोटी तथा अखारा मध्य प्रदेश के मंदसौर जिले में तथा कायथा उज्जैन में स्थित है।

**6. Navasahasankacharita book is based on which Parmar ruler's life?**
**'नवसाहसांकचरित' किस परमार शासक के जीवन पर आधारित पुस्तक है?**
(a) Raja Bhoj/राजा भोज
(b) Udayaditya/उदयादित्य
(c) Sindhuraj/सिन्धुराज
(d) Vakpatiraj/वाक्पतिराज

**MPPSC Taxation Assistant Exam 2022**

**Ans. (c) :** नवसाहसांकचरित एक प्राचीन संस्कृत ग्रन्थ है। ग्यारहवीं शती ई. में पदमगुप्त परिमल द्वारा रचित इस ग्रन्थ से परमार वंश, सिंधुराज नवसाहसांक के इतिहास के विषय में जानकारी मिलती है। इस ग्रन्थ को संस्कृति साहित्य का प्रथम ऐतिहासिक महाकाव्य माना जाता है।

**7. Which Kalchuri ruler was called as 'Ujjayini Bhujang'?**
**''उज्जयिनी भुजंग'' किस कलचुरि शासक को कहा जाता था?**
(a) Yuvarajadeva-I/युवराजदेव-I
(b) Kokkal-I/कोक्कल- I
(c) Shankargana/शंकरगण
(d) Krishnaraja/कृष्णराज

**MPPSC Taxation Assistant Exam 2022**

**Ans. (a) :** उज्जयिनी भुजंग, राजशेखर कृत सिद्धसालभंजिका में युवराज देव प्रथम को कहा गया है। युवराजदेव कलचुरि शासक थे। इनके राजदरबार में रहते हुए ही राजशेखर ने अपने दो ग्रन्थों काव्यमीमांसा एवं विद्धसालभंजिका की रचना किया था।

**8. Where are the "Bagh Caves" situated?**
**''बाघ की गुफायें'' कहाँ स्थित है?**
(a) Shahdol/शहडोल
(b) Dindori/डिण्डोरी
(c) Dhar/धार
(d) Hoshangabad/होशंगाबाद

**MPPSC Forestry & Gen Scie 2022**

**Ans. (c) :** बाघ गुफाएँ मध्य प्रदेश के धार जिले में स्थित है। यह नर्मदा की सहायक नदी, बाघिनी नदी के किनारे स्थित है। इन गुफाओं की खोज 1818 ई. में डेंजर फील्ड ने की थी।

**9. Who established the princely State of Bhopal in 1708 AD?**
**1708 ई. में भोपाल रियासत की स्थापना किसने की थी?**
(a) Begun Hazrat Mahel/बेगम हजरत महल
(b) Mansoor Ali Khan/मंसूर अली खान
(c) Dost Mohammad Khan/दोस्त मुहम्मद खान
(d) Jahangir Muhammad Khan/जहाँगीर मुहम्मद खान

**MPPSC Forestry & Gen Scie 2022**

**Ans. (c) :** भोपाल रियासत की स्थापना अफगान सरदार दोस्त मोहम्मद खान ने सन् 1724 में किया था। यह मंगलगढ़ में तैनात मुगल सेना में एक कमाण्डर था।

**10. Which of the following Mahadanas was performed by the Rastrakuta king Dantidurga at Ujjain?**
**''राष्ट्रकूट शासन दन्तिदुर्ग ने उज्जैन में निम्न में से किस महादान को सम्पन्न किया था?**
(a) Hiranyagarbha/हिरण्यगर्भ
(b) Tula-purusha/तुलापुरुष
(c) Ratnadhenu/रत्नधेनु
(d) Saptsager /सप्त सागर

**MPPSC Forestry & Gen Scie 2022**

**Ans. (a) :** राष्ट्रकूट शासक दंतिदुर्ग ने उज्जैन में हिरण्यगर्भ नामक महादान को सम्पन्न किया। आठवीं शताब्दी के मध्य में राष्ट्रकूट प्रमुख दंतिदुर्ग ने अपने चालुक्य अधिपति को उखाड़ फेंका और हिरण्यगर्भ नामक अनुष्ठान किया। यह अनुष्ठान ब्राह्मणों की मदद से किया जाता है और यह माना जाता है कि बलिदान करने वाले का क्षत्रिय के रूप में पुनर्जन्म होता है भले ही वह जन्म से क्षत्रिय न हो।

**11. When did the Thona-Luhari firing incident of Niwari district take place in the Freedom Movement?/स्वतंत्रता आंदोलन में निवाड़ी जिले की थौना-लुहारी गोलीकांड की घटना कब घटित हुई थी?**
(a) 1922 (b) 1931
(c) 1939 (d) 1942

**MPPSC (Pre) 2023**

**Ans. (c) :** स्वतंत्रता आंदोलन में निवाड़ी जिले की थौना-लुहारी गोलीकांड की घटना 1939 में घटित हुई थी।

**12. When did tribal leaders, Sitaram Kanwar and Raghunath Singh Mandloi Bhilala join the Anti-British Revolution?/जनजाति नेता सीताराम कंवर और रघुनाथ सिंह मंडलोई भिलाला अंग्रेज़ विरोधी क्रांति में कब शामिल हुए थे?**
(a) 1842 A.D./1842 ई.
(b) 1857 A.D./ 1857 ई.
(c) 1927 A.D./ 1927 ई.
(d) 1942 A.D./ 1942 ई.

**MPPSC (Pre) 2023**

**Ans. (b) :** जनजाति नेता सीताराम कंवर और रघुनाथ सिंह मंडलोई भिलाला अंग्रेज विरोधी क्रांति में 1857 में शामिल हुए थे। ये आदिवासी नायकों ने शोषण के खिलाफ मोर्चा लिया और अंग्रेजों से लड़ते हुए अपनी जान दे दी। उन्होंने भिलाला के तीन हजार क्रांतिकारियों का एक संगठित दल बनाकर होल्कर दरबार के घुड़सवार सैनिकों को लड़ने के लिए प्रेरित किया।

**13. In the year 1948, which state came into existence after the merger of Bundelkhand and Baghelkhand?/वर्ष 1948 में बुंदेलखण्ड एवं बघेलखण्ड को जोड़कर कौन-सा प्रदेश अस्तित्व में आया था?**
(a) Malwa Pradesh /मालवा प्रदेश
(b) Vindhya Pradesh /विंध्य प्रदेश
(c) Baghel Pradesh /बघेल प्रदेश
(d) Madhya Pradesh /मध्य प्रदेश

**MPPSC (Pre) 2023**

**Ans. (b) :** वर्ष 1948 में बुंदेलखण्ड एवं बघेलखण्ड को जोड़कर विंध्य प्रदेश अस्तित्व में आया था। तत्पश्चात् राज्य पुनर्गठन अधिनियम, 1956 के तहत विंध्य प्रदेश को मध्य प्रदेश में मिला दिया गया।

**14. During the reign of which of the following rulers, was the construction of Saas-Bahu temple completed?**
**निम्नलिखित शासकों में से किसके शासन काल में सास-बहू मन्दिर का निर्माण कार्य पूर्ण हुआ?**
(a) Mahipal/महीपाल
(b) Suryapal/सूर्यपाल
(c) Padmapal/पद्मपाल
(d) Devpal/देवपाल

**MPPSC VAS Exam-2023**

**Ans. (a) :** सास-बहू मन्दिर राजस्थान के उदयपुर जिले में स्थित है इसका निर्माण महीपाल ने करवाया था। यह भगवान विष्णु को समर्पित है। यहाँ मिले शिलालेख के अनुसार इसका निर्माण कच्छपघात राजवंश के राजा महिपाल ने सन् 1093 में किया था।

**15. Territorial rights of Bodhi Dynasty extended over which region in Third Century AD?**
**तृतीय शताब्दी ई. में बोधिवंशी राजाओं का अधिकार किस क्षेत्र पर था?**
(a) Malwa/मालवा (b) Tripuri/त्रिपुरी
(c) Nimad/निमाड़ (d) Shivpuri/शिवपुरी

**MPPSC VAS Exam-2023**

**Ans. (b) :** तृतीय शताब्दी ई. में बोधिवंशी राजाओं का अधिकार त्रिपुरी क्षेत्र (वर्तमान जबलपुर) में था। बोधिशासकों द्वारा जारी किये गये सिक्कों में चार बोधि शासकों श्री बोधि, वट्‌बोधि, चन्द्र बोधि और शिव बोधि के बारे में जानकारी का उल्लेख है।

**16. In which district of Madhya Pradesh was the Jungle Satyagraha held first?**
**जंगल सत्याग्रह सर्वप्रथम मध्य प्रदेश के किस जिले में हुआ था?**
(a) Rewa/रीवा
(b) Khandwa/खण्डवा
(c) Seoni/सिवनी
(d) None of the above/उपरोक्त में से कोई नहीं

**MPPSC VAS Exam-2023**

**Ans. (c) :** गंजन सिंह कोरकू ने मध्य प्रदेश के बैतूल जिले में जंगल सत्याग्रह का नेतृत्व किया। भारतीय कांग्रेस समिति द्वारा 9 अगस्त, 1930 को जंगल सत्याग्रह प्रस्तावित किया गया था। जंगल सत्याग्रह की शुरुआत मध्य प्रदेश में तूरिया (सिवनी) और घोरादोगी (बैतूल) से हुई। तुरिया में जंगल सत्याग्रह के दौरान विरोध करने पर चार लोगों की हत्या कर दी गई। मगनलाल ओसवाल की हत्या तब की गई जब वह इंदौर के सर्राफा बाजार में ब्रिटिश सेना के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे थे। इसे इंदौर का सर्राफा काण्ड कहा गया।

**17. In which historical inscription the construction of Sun temple is mentioned ?**
**किस ऐतिहासिक अभिलेख में सूर्य मंदिर निर्माण का उल्लेख है ?**

(a) Udaygiri inscription/उदयगिरि अभिलेख
(b) Bagh inscription/बाघ अभिलेख
(c) Mandsaur inscription/मन्दसौर अभिलेख
(d) Sanchi inscription/ साँची अभिलेख

**MPPSC Forest Service (Mains) Exam-2020**

**Ans. (d) :** साँची अभिलेख में सूर्य मन्दिर निर्माण का उल्लेख किया गया है। साँची अभिलेख में चन्द्रगुप्त विक्रमादित्य द्वारा एक बौद्ध प्रतिष्ठान को दान देने का उल्लेख है। इसकी तिथि गुप्त काल का ९३वाँ वर्ष था।

**18. Who wrote the Mandsaur Inscription ?**
**मंदसौर अभिलेख की रचना किसने की थी ?**

(a) Banbhatta/बाणभट्ट
(b) Subandhu/सुबंधु
(c) Vatsabhatti/वत्सभट्टि
(d) Ravikirti/रविकीर्ति

**MPPSC Forest Service (Mains) Exam-2020**

**Ans. (c) :** मंदसौर अभिलेख की रचना वत्सभट्टी ने की थी यह अभिलेख मध्य प्रदेश के मंदसौर में स्थित है। इसका प्राचीन नाम दसपुर था। इस अभिलेख से पता चलता है कि रेशम बुनकरों की श्रेणी ने एक भव्य सूर्य मन्दिर का निर्माण कराया था।

**19. Which whom did the British make the treaty of Mansaur ?**
**अंग्रेजों ने मंदसौर की संधि किसके साथ की थी ?**

(a) Malhar Rao Holkar/ मल्हारराव होल्कर
(b) Yashwant Rao Holkar/ यशवंतराव होल्कर
(c) Tukoji Rao Holkar/ तुकोजीराव होल्कर
(d) Kashi Rao Holkar/काशीराव होल्कर

**MPPSC Forest Service (Mains) Exam-2020**

**Ans. (a) :** 6 जनवरी 1818 को सर थॉमस हिसलोप और मल्दार राव होल्कर के बीच मंदसौर की सन्धि पर हस्ताक्षर किए थे। मालवा क्षेत्र में महिदपुर की लड़ाई के बाद इस पर हस्ताक्षर किये। इस सन्धि के द्वारा होल्कर ने सतपुड़ा पहाड़ियों का दक्षिणी भाग अंग्रेजों को दे दिया।

**20. To which region does the freedom fighter Thakur Nirajan Singh belong ?**
**स्वतंत्रता संग्राम सेनानी ठाकुर निरंजन सिंह किस क्षेत्र से संबंधित हो ?**

(a) Malwa/ मालवा
(b) Baghelkhand / बघेलखण्ड
(c) Bhopal/ भोपाल
(d) Mahakoshal/ महाकोशल

**MPPSC Forest Service (Mains) Exam-2020**

**Ans. (d) :** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी ठाकुर निरंजन सिंह महाकोशल क्षेत्र से सम्बन्धित थे। वह नरसिंहपुर जिले में पैदा हुए थे। जो जबलपुर डिविजन क्षेत्र में आता है।

**21. During the period of Delhi Sultanate, who among the following rulers founded an independent kingdom in Malwa in 1401 A.D. ?**
**दिल्ली सल्तनत के दौरान 1401 ई॰ में मालवा में स्वतन्त्र राज्य की नींव निम्न में से किस शासक ने डाली थी?**

(a) Hoshang Shah/होशंग शाह
(b) Dilawar Khan/दिलावर खाँ
(c) Muhammad Shah/मुहम्मद शाह
(d) Mahmud Khilji/महमूद खिलजी

**MPPSC Forest Service (Mains) Exam-2019**

**Ans. (b) :** दिल्ली सल्तनत के दौरान 1401 ई. में मालवा में स्वतंत्र राज्य की नींव दिलावर खाँ ने किया था। जिन्होंने तैमूर के आक्रमण और साम्राज्य के विघटन के बाद 1401 में मालवा को स्वतंत्र राज्य बनाया। खिलजी वंश के तहत मालवा सल्तनत अपने चरम पर थी।

**22. Who said the Fort of Gwalior as a pearl in the garland of the Forts of India?**
**ग्वालियर के किले को किसने भारत के किलों की माला में मोती कहा है?**

(a) Babur/बाबर
(b) Edward Terry/एडवर्ड टेरी
(c) Hasan Nizami/हसन निजामी
(d) Tiefenthaler/टीफेन्थेलर

**MPPSC Forest Service (Mains) Exam-2021**

**Ans. (a) :** ग्वालियर के किले को सम्राट बाबर ने भारत के किलों की माला में मोती कहा था। 1398 ई. से 1516 ई. तक ग्वालियर तोमरों के राजपूत राजवंश के अन्तर्गत आया और राजा मानसिंह तोमर के शासनकाल में इसका बड़े पैमाने पर निर्माण किया गया था।

**23. Who built the palace of Roopmati in Mandu?**
**माण्डू के रूपमती महल का निर्माण किसने कराया था?**

(a) Baz Bahadur/बाज बहादुर
(b) Sultan Husang Shah/सुल्तान हुसंगशाह
(c) Chandra Singh/चन्द्रसिंह
(d) Dilawar Khan/दिलावर खान

**MPPSC Forest Service (Mains) Exam-2021**

**Ans. (a) :** माण्डु के रूपमती महल का निर्माण 365 मीटर ऊँची खड़ी चट्टान पर स्थित इस महल का निर्माण बाजबहादुर ने रानी रूपमती के लिए कराया था। इसी के साथ ही सैनिकों के लिए मांडु की सुरक्षा व्यवस्था पर नजर रखने के बेहतर स्थान के रूप में भी इसका प्रयोग किया जाता था। रूपमती सुबह नर्मदा दर्शन के बाद ही अन्न ग्रहण करती थी इसलिए बाजबहादुर ने ऊँचाई पर इसका निर्माण कराया।

24. **The Homo-erectus skeleton is found from**
**होमो इरेक्टस का कंकाल कहाँ से प्राप्त हुआ है?**
(a) Hathnora/हथनौरा
(b) Bhimbetka/भीमबेटका
(c) Damdama/दमदमा
(d) Amarkantak/अमरकंटक
**MPPSC Forest Service (Mains) Exam-2021**

**Ans. (a) :** मध्य प्रदेश के सीहोर जिले के हथनौरा में नर्मदा होमो इरेक्टस खोपड़ी की खोज की गई है।

25. **Maikal range is related to**
**मैकल श्रेणी संबंधित है**
(a) Vindhyachal Range/विंध्याचल श्रेणी से
(b) Satpura Range/सतपुड़ा श्रेणी से
(c) Devgarh Range/देवगढ़ श्रेणी से
(d) Kaimur Range/कैमूर श्रेणी से
**MPPSC Assistant Registrar Exam-2022**

**Ans. (b) :** मैकाल श्रेणी, सतपुड़ा श्रेणी से सम्बन्धित है। यह भारत के छत्तीसगढ़ राज्य में स्थित है। इसका विस्तार छत्तीसगढ़ के मरवाही, मुंगेरी कवर्धा आदि जिले में है। इसमें धारवाड़ का कडप्पा चट्टान की प्रधानता है। जिससे यहाँ लौह-अयस्क व फ्लोराइड मिलता है।

26. **The original place of 'Gurjar Pratihars' of Kannauj was**
**कन्नोज के 'गुर्जर प्रतिहारों' का मूल स्थान था**
(a) Ujjain/उज्जैन
(b) Gujarat/गुजरात
(c) Magoba/महोबा
(d) Jabalput/जबलपुर
**MPPSC Assistant Registrar Exam-2022**

**Ans. (b) :** कन्नौज के गुर्जर-प्रतिहारों का मूल स्थान गुजरात था। मिहिर भोज इस राजवंश के सबसे प्रसिद्ध राजा थे। ये 8वीं शताब्दी के अरब आक्रमणों का विरोध करने के साथ-साथ पालों और राष्ट्रकूटों के साथ अपने त्रिपक्षी सत्ता संघर्ष के लिए प्रसिद्ध है।

27. **Which ruler built the fort of Mandu?/मांडू के किले का निर्माण किस शासक ने करवाया था?**
(a) Dilawar Khan Ghori/दिलवार खाँ गौरी
(b) Hoshang Shah/होशंग शाह
(c) Baz Bahadur/बाज बहादुर
(d) Allauddin Khalji/अलाउद्दीन खिलजी
**MPPSC Assistant Registrar Exam-2022**

**Ans. (b) :** माण्डू के किले का निर्माण हुसैनशाह/होशंगशाह ने माण्डू के प्रसिद्ध किले का निर्माण कराया था। यह किला मध्य प्रदेश के धार जिले में स्थित है। माण्डू का यह शहर रानी रूपमती मंडप, होशंगशाह का मकबरा, बाज बहादुर महल, हिंडोला महल आदि विरासत स्थल स्थित है। यहाँ 40 से अधिक स्मारक हैं जिन्हें तीन श्रेणियों में बाँटा गया है।
1. केन्द्रीय ग्राम समूह।
2. रॉयल एन्क्लेव समूह।
3. रीवा कुण्ड समूह।

28. **Which of the following was not one of the States which was merged to form Madhya Pradesh in 1956?**
**1956 में निम्नलिखित में से कौन-सा राज्य मध्य प्रदेश बनाने के लिए विलय किए गए राज्यों में से एक नहीं था?**
(a) Nagpur/नागपुर
(b) Vindhya Pradesh/विंध्य प्रदेश
(c) Bhopal/भोपाल
(d) Madhya Bharat/मध्य भारत
**MPPEB-Police Constable Exam 15/01/2022 (Shift-II)**

**Ans. (a) :** राज्य पुनर्गठन अधिनियम (सातवां संविधान संशोधन) 1956 भारत के राज्यों और क्षेत्रों की सीमाओं का प्रमुख सुधार अधिनियम था जो उन्हें भाषा के आधार पर व्यवस्थित करता था। मध्य प्रदेश में शामिल किये गये राज्य विंध्य प्रदेश, भोपाल, मध्य भारत थे लेकिन उपर्युक्त विकल्प में नागपुर को शामिल नही किया गया था इसलिए अभीष्ट विकल्प (a) सही है।

29. **In 1853, the British annexed the state of Nagpur which included among other territories _____________ Madhya Pradesh.**
**1853 में, अंग्रेजों ने नागपुर राज्य पर कब्जा कर लिया, जिसमें अन्य क्षेत्रों के साथ-साथ ............ मध्य प्रदेश भी शामिल था।**
(a) South-eastern/दक्षिण-पूर्व
(b) North- eastern/उत्तर-पूर्वी
(c) Southern/दक्षिण
(d) Western/पश्चिम
**MPPEB-Police Constable Exam 03/02/2022 (Shift-II)**

**Ans. (a) :** 1853 में अंग्रेजों ने नागपुर राज्य पर कब्जा कर लिया, जिसमें पूर्वी महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ के साथ-साथ दक्षिण पूर्वी मध्यप्रदेश भी शामिल था इसलिए दिये गये विकल्प में उत्तर (a) सही है।

30. **Who constructed the Jama Masjid in the upper portion of the fort of Asir garh in 1588 AD ?**
**1588 AD में असिर गढ़ के किने के ऊपरी हिस्से में जामा मस्जिद का निर्माण किसने करवाया था ?**
(a) Raja Ali Khan/राजा अली खान
(b) Bahadur Khan/बहादुर खान
(c) Prince Parviz/प्रिंस परविज
(d) Prince Daniyal/प्रिंस दनियाल
**MPPEB-Police Constable Exam 05/02/2022 (Shift-I)**

**Ans. (a) :** असीर गढ़ मध्य प्रदेश के बुरहानपुर जिले में स्थिति एक गाँव है। असीरगढ़ का ऐतिहासिक किला बहुत प्रसिद्ध है तथा इसका निर्माण चौदहवीं सदी में अहीर राजा ने करवाया था। असीर गढ़ किला बुरहानपुर से लगभग 20 किलो मीटर की दूरी पर उत्तर दिशा में सतपुडा पहाड़ियों के शिखर पर समुद्र तल से 250 फुट की ऊँचाई पर स्थित है।
राजा अलीखान ने 1588 ई. में असीर गढ़ के किले के ऊपरी हिस्से में जामा मस्जिद, 1590 ई. में बुरहानपुर में जामा मस्जिद असिर गढ़ में ईदगाह, बुरहानपुर में मकबरे, सेराई और जहानाबाद में सेरी मस्जिद और कई इमारतो का निर्माण करवाया।
अतः उत्तर विकल्प (a) है।

**31. Historically Singrauli belonged to which princely state ?**
**ऐतिहासिक रूप से सिंगरौली किस रियासत से संबंधित था?**

(a) Bundelkhand/बुंदेलखंड (b) Jhanshi/झाँसी
(c) Datia/दतिया (d) Rewa/रीवा

**MPPEB-Police Constable Exam 19/01/2022 (Shift-II)**

**Ans. (d) :** ऐतिहासिक रूप से सिंगरौली रीवा की एक रियासत थी, जो बघेलखंड क्षेत्र का हिस्सा था सिंगरौली के राजा रूद्र प्रताप सिंह खैरवार ठाकुर थे।
मध्य प्रदेश राज्य के पूर्वी भाग में यूपी के सोनभद्र जिले के निकटवर्ती दक्षिणी भाग को सामूहिक रूप से सिंगरौली क्षेत्र के रूप में जाना जाता है वर्तमान में सिंगरौली मध्य प्रदेश की ऊर्जा राजधानी के रूप में उभर रहा है। अतः उपर्युक्त विकल्प का अभीष्ट उत्तर (d) है।

**32. Since 1895________ has been the headquarters of the political agent in Malwa.**
**1895 से मालवा में राजनीतिक एजेंट का मुख्यालय कहां रहा है?**

(a) Jhabua/झाबुआ (b) Neemuch/नीमच
(c) Khargone/खरगोन (d) Morena/मुरैना

**MPPEB-Police Constable Exam 06/02/2022 (Shift-I)**

**Ans. (b) :** 1895 से मालवा में राजनीतिक एजेण्ट का मुख्यालय नीमच क्षेत्र रहा है।

**33. Who became the first king of Garha-Mandla?**
**गढ़-मंडला क प्रथम राजा कौन बने?**

(a) Baghel Raja of Rewa /रीवा के बघेल राजा
(b) Jadhe Rao Gond/जाधे राव गोंड
(c) Gond Jadurai/गोंड जदुराई
(d) Raja Hirde Shah/राजा हिरदे शाह

**MPPEB-Police Constable Exam 18/01/2022 (Shift-II)**

**Ans. (c) :** गढ़-मंडला के प्रथम राजा गोंड जदुराई थे। ये गढ़ मंडला के कलचुरि राजपूतों को हराकर राजा बने थे। यह गोंड जनजाति द्वारा स्थापित सबसे बड़ा साम्राज्य था।

**34. The dynastic history of Madhya Pradesh started with ________./मध्य प्रदेश का वंशवादी इतिहास ________ से शुरू हुआ।**

(a) Raja Bhoj /राजा भोज
(b) Dost Mohammed Khan/दोस्त मोहम्मद खान
(c) Shahjahan /शाहजहाँ
(d) Ashoka /अशोक

**MPPEB-Police Constable Exam 15/02/2022 (Shift-I)**

**Ans. (d) :** मध्य प्रदेश का राजवंशी इतिहास महान मौर्य साम्राट अशोक के समय से साथ शुरू हुआ था। मौर्य साम्राज्य मालवा और अवंती प्रदेश में शक्तिशाली साम्राज्य था। राजा अशोक की पत्नी विदिशा से थी जो आज भोपाल के उत्तर में स्थित एक शहर है।

| **शासक** | | **राजकाल** |
|---|---|---|
| अशोक | - | (269 ई.पू. - 232 ई.पू.) |
| शाह जहाँ | - | (1628 ई. - 1658 ई.) |
| दोस्त मुहम्मद | - | (1657ई. - 1728ई.) |
| राजा भोज | - | (1000 ई. - 1055 ई.) |

**35. Which ruler stayed at Roopnath Dham in Katni district till 232 BC ?**
**कौन सा शासक कटनी जिले के रूपनाथ धाम में 232 ईसा पूर्व तक रहे ?**

(a) Chandragupta Maurya/चंद्रगुप्त मौर्य
(b) Ashoka/अशोक
(c) Mahananda/महानंदा
(d) Harshavardhana/हर्षवर्धन

**MPPEB-Police Constable Exam 29/01/2022 (Shift-I)**

**Ans. (b) :** पुरातात्विक महत्व व आस्था का केन्द्र रूपनाथधाम में प्राकृतिक रुप से पानी से भरे कुंड गुफा में विराजे भगवान भोलेनाथ आदि तथा इन सभी के बीच में सम्राट अशोक के शिलालेख, यह सब मौजूद हैं। कहा जाता है कि 232 ईसा पूर्व तक शक्तिशाली भारतीय मौर्य राजवंश के सम्राट अशोक कटनी जिले के बोहरी बंद के समीप स्थित रूपनाथ धाम में रूके थे। अतः अभीष्ट उत्तर (b) सही है।

**36. Who constructed the famous Rajwada Palace of Indore?**
**इंदौर के प्रसिद्ध रजवाड़ा महल का निर्माण किसने करवाया था?**

(a) Malhar Rao Holkar/मल्हार राव होल्कर
(b) Ahilyabai Holkar/अहिल्याबाई होल्कर
(c) Tukoji Rao Holkar/तुकोजी राव होल्कर
(d) Yashwantrao Holkar/यशवंतराव होल्कर

**MPPEB-Police Constable Exam 14/02/2022 (Shift-I)**

**Ans. (a) :** सन् 1947 ई0 में मल्हार राव प्रथम ने रजवाड़ा महल की नीवं रखी थी। 6174 वर्गमीटर जमीन पर संगमरमर, लकड़ी, ईंट, मिट्टी गारे की मदद से फ्रेंच शैली का उपयोग करते हुए इस भव्य महल की नींव डाली गई। 1761 में मल्हार अब्दाली से जंग में हार गयें युद्ध के बाद से उनकी तबीयत खराब रहने लगी तथा राजवाड़ा का निर्माण बीच में ही रूक गया।
सन् 1766 ई0 में उनका निधन हो गया लेकिन इसके कुछ समय बाद होल्करों का यह रजवाड़ा महल बनकर तैयार हुआ एवं इसका उत्तराधिकार मल्हारराव की पुत्रवधू अहिल्या बाई को मिला।

**37. During which year the Chhatarpur district came into existence?**
**छतरपुर जिला किस वर्ष अस्तित्व में आया ?**

(a) 1956 (b) 1957
(c) 1958 (d) 1959

**MPPEB-Police Constable Exam 13/01/2022 (Shift-II)**

**Ans. (a) :** छतरपुर भारत के मध्य प्रदेश राज्य के छतरपुर जिले में स्थित एक नगर है। यह जिले का मुख्यालय भी है।
छतरपुर की स्थापना 1785 ई. में हुई। इसका नाम छत्रसाल (स्वतंत्रता सेनानी) के नाम पर रखा गया है जो बुदेलखंड की आजादी के संस्थापक थे। 1947 में भारत की स्वतंत्रता के बाद छत्तरपुर, बुंदेलखंड के बाकी हिस्सों को मिलाकर, भारतीय राज्य विंध्य प्रदेश का हिस्सा बन गया। बाद में विंध्य प्रदेश को 1956 में मध्य प्रदेश राज्य में मिला दिया गया। इस प्रकार 1956 में छतरपुर जिले के रूप में अस्तित्व में आया।

**38. Who was the Governor of Malwa and subsequently became the King of Malwa in 1401 AD?/मालवा के राज्यपाल कौन थे और बाद में 1401 ई. में मालवा के राजा बने?**

(a) Mahmud Khan/महमूद खान
(b) Hoshang Shah/होशंग शाह
(c) Dilawar Khan Ghuri/दिलावर खान घुरी
(d) Ghazni Khan/गजनी खान

**MPPEB-Police Constable Exam 13/01/2022 (Shift-I)**

**Ans. (c) :** दिलावर खान घुरी मध्य भारत के मालवा प्रांत के राज्यपाल थे और बाद में दिल्ली सल्तनत के पतन के समय 1401 में मालवा के राजा बने तथा 'अमीदशाह दाउद' की उपाधि ली और अपने नाम का खुतबा पढ़वाया। 1406 में उनकी मृत्यु के बाद पुत्र होशंगशाह मालवा के राजा बने।

**39. Most of the temples of Khajuraho were built in between________ by the Chandela dynasty. खजुराहो के अधिकांश मंदिरों का निर्माण के बीच में चंदेल वंश ने करवाया था।**

(a) 850 and 950/850 और 950
(b) 950 and 1050/950 और 1050
(c) 1050 and 1150/1050 और 1150
(d) 1150 and 1250/1150 और 1250

**MPPEB-Police Constable Exam 13/02/2022 (Shift-I)**

**Ans. (b) :**
* चंदेल राजाओं ने खजुराहों में मंदिरों का निर्माण किया।
* खजुराहों के मंदिर दो अलग-अलग धर्मो हिन्दू और जैन धर्म से संबंधित है।
* चंदेल राजवंश ने 10वीं और 11 वी शताब्दी में इस क्षेत्र पर शासन किया था।
* ज्यादातर खजुराहो के मंदिरो का निर्माण 950 ई. से 1050 ई. के बीच चंदेल वंश द्वारा किया गया।

**40. In which year the Deogarh Kingdom was annexed by the Bhonsle Marathas of Nagpur? नागपुर के भोंसले मराठों द्वारा देवगढ़ साम्राज्य पर किस वर्ष कब्जा कर लिया गया था?**

(a) 1740 (b) 1741
(c) 1742 (d) 1743

**MPPEB-Police Constable Exam 18/01/2022 (Shift-I)**

**Ans. (d) :** 1743 में नागपुर के भोंसले मराठों द्वारा देवगढ़ साम्राज्य को कब्जा कर लिया गया था।

**41. Who built the Jatashankar Fort in Damoh district in 1643?/1643 में दमोह जिले में जटाशंकर किले का निर्माण किसने करवाया था?**

(a) Viajaypala /विजयपाल
(b) Harsharaja /हर्षराज
(c) Fatehsingh /फतेहसिंह
(d) Vijaysingh /विजयसिंह

**MPPEB-Police Constable Exam 18/01/2022 (Shift-I)**

**Ans. (c):** 1643 में दमोह जिले में जटाशंकर किले का निर्माण फतेह सिंह ने करवाया था।

**42. Which of the following places was the capital of Maharaja Chhatrasal's kingdom? निम्नलिखित में से कौन-सा स्थान महाराजा छत्रसाल के राज्य की राजधानी थी?**

(a) Orchha /ओरछा (b) Datia /दतिया
(c) Pench/पेंच (d) Panna /पन्ना

**MPPEB-Police Constable Exam 18/01/2022 (Shift-I)**
**MPPEB-Police Constable Exam 27/01/2022 (Shift-II)**

**Ans. (d) :** महाराजा छत्रसाल (4 मई 1649, 20 दिसम्बर 1731)। भारत मध्य युग के एक प्रतापी क्षत्रिय योद्धा थे तथा उनकी राजधानी पन्ना थी।

**43. The Jahaz Mahal of Mandu has been built by - मांडू का जहाज महल किसके द्वारा बनवाया गया है-**

(a) Sultan Allahuddin Khalji /सुल्तान अलाउद्दीन खिलजी
(b) Sultan Ghiyas-ud-din Khalji सुल्तान गयास-उद-दीन खिलजी
(c) Sultan Mahmud Khalji /सुल्तान महमूद खिलजी
(d) Sultan Jalal-ud-din Khalji सुल्तान जलाल -उद-दीन खिलजी

**MPPEB-Police Constable Exam 16/01/2022 (Shift-I)**

**Ans. (b) :** मांडू के जहाज महल का निर्माण सुल्तान गयासुद्दीन खिलाजी द्वारा करवाया गया, वह सुल्तान का हरम था।
* यह पानी में तैरते जहाज की तरह दिखाई देता है।
* यह मध्य प्रदेश के धार जिले में है।

**44. Which of the following is the main gate of Chanderi Fort known as?/निम्नलिखित में से चंदेरी किले का मुख्य द्वार किसे कहा जाता है?**

(a) Kati Ghati Darwaza/कटी घाटी दरवाजा
(b) Khooni Darwaza/खूनी दरवाजा
(c) Hawa Pur Darwaza/हवा पुर दरवाजा
(d) Badal mahal gate/बादल महल गेट

**MPPEB-Police Constable Exam 10/01/2022 (Shift-I)**
**MPPEB-Police Constable Exam 20/01/2022 (Shift-I)**

**Ans. (b) :** चंदेरी भारत के मध्य प्रदेश राज्य के अशोक नगर जिले का एक ऐतिहासिक नगर है चंदेरी किले के मुख्य द्वार को खूनी दरवाजा कहा जाता है यह किला पहाड़ी की एक चोटी पर बना हुआ है।

**45. Who designed the Madhya Pradesh Vidhan Bhavan?/मध्य प्रदेश विधान भवन को किसने अभिकल्पित किया था?**

(a) Charles Correa/चार्ल्स कोरिया
(b) Mahendra Raj/महेन्द्र राज
(c) Satish Gujral/सतीश गुजराल
(d) Laurie Baker/लौरी बेकर

**MP Police Constable 20/07/2016 (Shift-I)**
**MP Police Constable 31/01/2022 (Shift-I)**
**MPPEB-Police Constable Exam 27/01/2022 (Shift-I)**

**Ans: (a)** मध्य प्रदेश विधान भवन का डिजाइन भारत के महान् वास्तुकार चार्ल्स कोरिया (1924-2015) ने किया था। चार्ल्स कोरिया मूलतः सिकन्दराबाद (आन्ध्र प्रदेश) के रहने वाले थे। मध्य प्रदेश विधान भवन के अतिरिक्त भोपाल का भारत भवन, जयपुर का जवाहर लाल केन्द्र, नई दिल्ली की ब्रिटिश काउंसिल लाइब्रेरी आदि इनके द्वारा डिजाइन की गयी प्रमुख इमारतें हैं।

**46. Govindgarh Palace was the summer residence of rulers of -**
**गोविंदगढ़ पैलेस किसके शासकों का ग्रीष्मकालीन निवास था?**

(a) Rewa/रीवा
(b) Datia/दतिया
(c) Mandu/मांडु
(d) Orchha/ओरछा

**MP Police Constable 01/02/2022 (Shift-I)**
**MPPEB-Police Constable Exam 24/01/2022 (Shift-II)**

**Ans. (a) :** गोविन्द गढ़ पैलेस, जिसे गोविन्द गढ़ के किले के रूप में भी जाना जाता है। यह मध्य प्रदेश के रीवा जिले में स्थित है। गोविन्द गढ़ पैलेस रीवा रियासत के बघेल शासकों का ग्रीष्मकालीन निवास हुआ करता था।

**47. Which district of Madhya Pradesh is also known as 'Urjanchal'?/मध्य प्रदेश के किस जिले को 'ऊर्जांचल' के नाम से भी जाना जाता है?**

(a) Indore/इंदौर (b) Sidhi/सीधी
(c) Singrauli/सिंगरौली (d) Ratlam /रतलाम

**MP Police Constable 10/01/2022 (Shift-I)**
**MPPEB-Police Constable Exam 09/01/2022 (Shift-II)**
**MPPEB-Police Constable Exam 08/02/2022 (Shift-II)**

**Ans. (c) :** मध्य प्रदेश के सिंगरौली जिले को ऊर्जांचल के रूप में भी जाना जाता है। सिंगरौली मध्य प्रदेश का 50 वां जिला है जिसे 24 मई 2008 को मध्य प्रदेश के सीधी जिले से अलग कर एक नए जिले के रूप में मान्यता दी गई थी।

**48. The capital city of Chandela rulers was……..**
**चंदेल शासकों की राजधानी..........थी।**

(a) Avantika/अवंतिका
(b) Orchha/ओरछा
(c) Khajuraho/खजुराहो
(d) Narsimhapur/नरसिम्हापुर

**MP Police Constable 23/07/2016 (Shift-I)**
**MP Police Constable 14/02/2022 (Shift-I)**
**MPPEB-Police Constable Exam 09/01/2022 (Shift-II)**

**Ans : (c)** चंदेल वंश गोंड जनजातीय मूल का राजपूत वंश था, इनका साम्राज्य उत्तर में यमुना नदी से लेकर मध्य प्रदेश (सागर) तक और धसान नदी से विध्य पहाड़ियों तक फैला हुआ था। सुप्रसिद्ध कांलिजर का किला, खजुराहो और महोबा इनके प्रमुख गढ़ थे। ''ननुक'' इस वंश का पहला राजा था तथा इन्होंने अपनी राजधानी खजुराहो के साथ-साथ कांलिजर और महोबा को भी बनाया था।

**49. The capital of Holkars under Devi Ahilya Bai was………../देवी अहिल्या बाई के अंतर्गत होल्कर की राजधानी..........थी।**

(a) Ujjain/ उज्जैन
(b) Omkareshwar/ ओमकारेश्वर
(c) Indore/ इंदौर
(d) Maheshwar/ महेश्वर

**MP Police Constable 25/07/2016 (Shift-I)**
**MPPEB Police Constable Exam 11/02/2022**

**Ans : (d)** होल्कर वंश भारत में इन्दौर के मराठा शासक रहे हैं। इस राजवंश के संस्थापक मल्हारराव होल्कर थे उसकी मृत्यु के पश्चात उनकी पुत्रवधू अहिल्याबाई होल्कर ने राजपाठ सम्भाला इनका शासन, न्याय व बुद्धि के लिए विख्यात था। इनकी राजधानी 'महेश्वर' थी।

**50. Which of the following medieval town was famous for the printed cotton cloth known as 'Chinth'?/निम्न में से कौन-सा मध्यकालीन शहर 'छींट' नामक छपे हुये सूती कपड़े के लिए प्रसिद्ध था?**

(a) Mandu/माण्डू (b) Sironj/सिरोंज
(c) Dhar/धार (d) Raisen/रायसेन

**MP PSC (Pre) 19/06/2022**
**MP VYAPAM Sub Engineer 09.12.2020 (9.00 AM)**

**Ans. (b) :** मध्यकालीन शहर सिरोज (मध्य प्रदेश) 'छींट'नामक छपे हुए सूती कपड़े के लिए प्रसिद्ध था।

**51. Who was the original founder of Bhopal State?**
**भोपाल राज्य के मूल संस्थापक कौन थे?**

(a) Dost Mohammad Khan/दोस्त मोहम्म्द खाँ
(b) Nawab Hamidullah Khan/नवाब हमीदुल्ला खाँ
(c) Nar Mohammad Khan/नर मोहम्म्द खाँ
(d) Yasin Mohammad Khan /यासीन मोहम्मद खाँ

**MP PSC (Pre) 25/07/2021**

**Ans. (a) :** भोपाल राज्य की स्थापना 1724 में अफगान सरदार दोस्त मोहम्मद खाँ द्वारा की गई थी। दोस्त मोहम्मद खां मुगल सेना का एक कमांडर था जो कि मंगलगढ़ (भोपाल शहर के उत्तर में) में तैनात था। इन्होंने 1723 ई. से लेकर 1728 ई. तक भोपाल राज्य पर शासन किया। अतः विकल्प (d) सही है।

**52. Where was the Capital of Raja Veersingh Dev?**
**राजा वीरसिंह देव की राजधानी कहाँ थी?**

(a) Bandhavgarh/बाँधवगढ़
(b) Gahora/गहोरा
(c) Narrow Ki Gardhi/नरो की गढ़ी
(d) Garha Mandala/गढ़ा मण्डला

**MP PSC (Pre) 25/07/2021**

**Ans. (b) :** बुंदेला वंश के राजा वीरसिंह देव ओरछा के प्रसिद्ध शासक थे। इनकी राजधानी गहोरा थी। ओरछा शहर की स्थापना राजा रूद्र प्रताप सिंह ने 16वीं शताब्दी में की थी। अतः विकल्प (b) सही है।

53. **Who said that "Victory of Mandu was the key of Victory of South"?/''माण्डु विजय, दक्षिण विजय की कुंजी था'' यह किसने कहा था?**

(a) Malik Kafur/मलिक काफूर
(b) Sheetal Dev/शीतल देव
(c) Enulmulk Multani/एनुलमुल्क मुल्तानी
(d) Amir Khusro/अमीर खुसरो

**MP PSC (Pre) 25/07/2021**
**MP Police Constable 03/02/2022 (Shift-I)**

**Ans. (d) :** माण्डू विजय, दक्षिण विजय की कुंजी है, यह अमीर खुसरो का कथन है। धार जिले में स्थित माण्डू अनेक हिन्दू और मुस्लिम शासकों की कार्य स्थली रहा है। यहाँ के प्रमुख दर्शनीय स्थल हैं - जहाज महल, रूपमती महल, हिण्डोला महल, चम्पा बावड़ी, अशर्फी महल, नीलकंठ मंदिर, हाथी महल आदि। ध्यातव्य है कि माण्डू के किले का निर्माण होशंगशाह ने कराया था।

54. **The poet of King Bhoj who accepted Jainism was/राजा भोज के किस कवि ने जैनधर्म अपना लिया था?**

(a) Granthapal/ग्रंथपाल (b) Rajpal/राजपाल
(c) Mahipal/महिपाल (d) Dhanpal/धनपाल

**MP PSC (Pre) 25/07/2021**

**Ans. (d) :** राजा भोज के कवि धनपाल ने जैन धर्म अपना लिया था। राजा भोज ने धनपाल को ''कवीश्वर'' एवं ''सिद्ध सारस्वत'' जैसे दो उपाधियों से अलंकृत किया था। धनपाल पहले जैन धर्म का विरोधी था।

55. **In which of the following regions did Rani Avantibai Lodhi raised and led an army against the British?**
**निम्नलिखित में से किस क्षेत्र में रानी अवंतीवाई लोधी ने अंग्रेजों के खिलाफ एक सेना का निर्माण किया?**

(a) Sagar/सागर (b) Nagpur/नागपुर
(c) Mandla/मांडवा (d) Kalachuri/कालाचूरी

**MP High School TET (HOME S.) 11/02/2019 (Shift-I)**

**Ans. (c) :** रानी अवंतीबाई लोधी ने अंग्रेजों के खिलाफ रामगढ़ वर्तमान में मध्य प्रदेश **मांडवा** जिले में अंग्रेजों के खिलाफ एक सेना का निर्माण किया था। रानी आवंतीबाई लोधी भारत के प्रथम स्वाधीनता संग्राम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली प्रथम महिला शहीद वीरांगना थीं। इनका जन्म 16 अगस्त 1831 को सिवनी जिला (मध्य प्रदेश) में हुआ था। इनका विवाह रामगढ़ के राजा विक्रमादित्य सिंह से हुआ था।

56. **The active participant of the Bundela rebellion of 1842 Hirdeshah was Jamindar of which of the following place?**
**1842 के बुन्देला विद्रोह में प्रमुख भागीदारी देने वाले राजा हिरदेशाह किस स्थान के जमींदार थे?**

(a) Chanwarpatha/चॉवरपाठा (b) Deori/देवरी
(c) Suatala/सुआतला (d) Hirapur/हीरापुर

**MP PSC (Pre) 12/01/2020**
**MP VYAPAM Sub Engineer Electrical 22.02.2015**

**Ans. (d) :** 1842 ई. के बुन्देला विद्रोह में प्रमुख भागीदारी देने वाले राजा हिरदेशाह 'हीरापुर' के जमींदार थे। राजा हिरदेशाह बुन्देला विद्रोह 1842 के प्रमुख नायक थे। यद्यपि यह विद्रोह कंपनी सरकार द्वारा दबा दिया गया था, लेकिन 1857 में हिरदेशाह ने पुनः बलिदानी भूमिका निभाई थी।

57. **'Bodhan Doua' was the Commander (Senapati) of/'बोधन दौआ' किसका सेनापति था?**

(a) Shahgarh king Bakhatwali
शाहगढ़ के राजा बखतवली का
(b) Banur King Mardan Singh
बानपुर के राजा मर्दन सिंह का
(c) Hirapur King Hirdeshah
हीरापुर के राजा हिरदेशाह का
(d) Rani Laxmibai of Jhansi
झाँसी की रानी लक्ष्मीबाई का

**MP PSC (Pre) 12/01/2020**
**MP Police Constable 17/01/2022 (Shift-II)**

**Ans. (a) :** 'बोधन दौआ' शाहगढ़ के राजा बखतवली का सेनापति था।

58. **Who out of the following was one of the Begums who had ruled over Bhopal ?/**
**निम्नलिखित में से कौन से बेगम ने भोपाल पर शासन किया था ?**

(a) Fatema Zoya Begum/फातेमा जोया बेगम
(b) Razia Sultana/रजिया सुल्ताना
(c) Sikander Begum/सिकंदर बेगम
(d) None of these/इनमें से कोई नहीं

**MP PEB Exam- 2018**
**MP Group-2 (Sub-Group-3) 28/03/2018 (Shift-II)**
**Assistant Director (Kisan Kalyan and Krishi Vikas ) Exam-2019**
**Assistant Director (Social Justice and Disabled Welfare Department) Exam-2021**

**Ans. (c) :** भोपाल रियासत की महिला शासिका के रूप में सिकन्दर बेगम का नाम आता है, जो सितम्बर, 1860 से 30 अक्टूबर, 1868 तक भोपाल के नवाब के पद पर शासन की। 1857 के विद्रोह में वे ब्रिटिश समर्थक बन गयी, जिसके कारण उन्हें 'नाइट ग्रैन्ड कमांडर' कहा जाने लगा।

59. **Who among the following established 'Hoshangabad' city?**
**'होशंगाबाद' शहर के संस्थापक निम्नलिखित में से कौन हैं?**

(a) Krishnaraj /कृष्णराज
(b) Nannuk /नन्नक
(c) Hoshangshah/होशंगशाह
(d) Vakpati Munj/वाक्पति मुंज

**MP Group-2 (Sub-Group-2) 23/01/2017 (Shift-I)**
**Assistant Registrar Exam- 2018**

**Ans. (c):** होशंगाबाद नर्मदा नदी के दक्षिणी तट पर बसा है। होशंगाबाद को नर्मदापुरम के नाम से भी जाना जाता है। होशंगाबाद शहर के संस्थापक होशंगशाह थे। इस शहर का नाम होशंगाबाद मालवा के पहले शासक होशंगशाह के नाम पर रखा गया है। यह मध्य प्रांत और बरार के नेखुद्दा (नर्मदा) प्रभाग का हिस्सा था जो 1947 में भारत की स्वतंत्रता के बाद मध्य भारत का राज्य बन गया। होशंगाबाद सोयाबीन के सबसे बड़े उत्पादकों में से एक है।

**60. Which of the following regions of India was Known as 'Avantika'?**
**भारत के निम्नलिखित क्षेत्रों में से कौन 'अवंतिका' के रूप में जाना जाता था?**

(a) Bundelkhand /बुंदेलखंड
(b) Dandkaranya /दंडकारण्य
(c) Ujjain /उज्जैन
(d) Nimar/निमाड़

**MP PSC Special 2003**
**MP Group-2 (Sub-Group-2) 23/01/2017 (Shift-I)**
**PEB Patwari Exam-2018**

**Ans. (c) :** प्राचीन काल में उज्जैन को अवंतिका के रूप में जाना जाता था। उज्जैन भारत के मध्यप्रदेश राज्य का एक शहर है। दूसरी शताब्दी ईसा पूर्व के समय उज्जैन सम्राट अशोक की राजधानी थी। उज्जैन प्रसिद्ध क्षिप्रा नदी के तट पर स्थित है। जहाँ हिंदू उत्सव कुंभ मेला का आयोजन होता है। प्रसिद्ध खगोलशास्त्री / गणितज्ञ वाराहमिहिर का जन्म उज्जैन में हुआ था। इनकी प्रसिद्ध पुस्तक पंचसिद्धांतिका है।

**61. Which among the following ladies is famous as "Lokmata"?**
**निम्न में से कौन -सी महिला ''लोकमाता'' के नाम से प्रसिद्ध हैं?**

(a) Rani Laxmi Bai /रानी लक्ष्मी बाई
(b) Ahilyabai Holkar /अहिल्याबाई होल्कर
(c) Avantibai/अवन्तीबाई
(d) None of the above/उपरोक्त में से कोई नहीं

**MP Group-2 (Sub-Group-2) 23/01/2017 (Shift-I)**
**MP VYAPAM Sub Engineer 09.12.2020 (2.00 PM)**

**Ans. (b) :** अहमदनगर के जामखेड़ा में चोंडी गाँव में जन्मी महारानी अहिल्याबाई मालवा राज्य की होल्कर रानी थी, जिन्हें लोग राजमाता अहिल्याबाई होल्कर भी कहते थे। इनके पिता मनकोजी राव शिंदे, गाँव के मुखिया थे तथा माता का नाम सुशीला बाई था। अहिल्याबाई को एक दार्शनिक रानी के रूप में जाना जाता है जो एक महान और धर्मपरायण स्त्री थीं। इस महान शासिका के स्मृति के तौर पर इंदौर हवाई अड्डे का नाम बदल कर अहिल्याबाई होल्कर हवाई अड्डा कर दिया गया है।

**62. Rani Durgawati ruled which among the following principalities of erstwhile Madhya Pradesh?**
**रानी दुर्गावती ने भूतपूर्व मध्य प्रदेश की निम्नलिखित में से किस रियासत पर शासन किया था ?**

(a) Gondwana/गोंडवाना
(b) Bundelkhand/बुंदेलखंड
(c) Maheshwar/महेश्वर
(d) Gwalior/ग्वालियर

**MP PSC - 2015**
**MP Group-2 (Sub-Group-2) 4/08/2018 (Shift-II)**

**ans. (a) :** रानी दुर्गावती ने मध्यप्रदेश के गोंडवाना रियासत पर शासन किया था। इनका जन्म कालिंजर के किले में (वर्तमान बांदा) में हुआ था। इनके पिता चन्देल शासक कीरतराय थे। रानी दुर्गावती ने अपने पति की मृत्यु के बाद गोंडवाना पर (लगभग 15 वर्षों तक) शासन किया। मुगलों से युद्ध के दौरान इन्होंने उनका वीरतापूर्वक सामना किया तथा उन्हें हराया। मुगलों से अन्तिम युद्ध में इन्हें वीरगति प्राप्त हुई।

**63. Which of the following city was the capital of Madhya Pradesh at the time of independence of India ?**
**भारत की आजादी के समय निम्नलिखित में से कौन सा शहर मध्य प्रदेश की राजधानी था ?**

(a) Nagpur/नागपुर (b) Indore/इंदौर
(c) Gwalior/ग्वालियर (d) Jabalpur/जबलपुर

**MP Group-2 (Sub-Group-4) 28/04/2018 (Shift-I)**
**MP VYAPAM Draftsman Civil Surveyor 01.08.2018 (9.00 AM)**
**MPPEB Police constable Exam 30/01/2022 (Shift-II)**

**Ans. (a) :** भारत की आजादी के समय नागपुर शहर मध्य प्रदेश की राजधानी था। 1947 में भारतीय स्वतन्त्रता के बाद, मध्य प्रांत और बरार भारत का एक प्रांत बन गया और 1950 में मध्य प्रदेश का भारतीय राज्य बन गया, जिसकी राजधानी नागपुर थी। वर्तमान में मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल है।

**64. Which is the famous fort in the district of Bhind?/भिंड जिले में प्रसिद्ध किला कौन सा है?**

(a) Asifgarh /असीफगढ़
(b) Hinglajgarh/हिंगलाजगढ़
(c) Hindola Mahal /हिंडोला महल
(d) Ater /अटेर

**MP Patwari 21/12/2017 (Shift-I)**

**Ans. (d) :** भिंड जिले में प्रसिद्ध किला अटेर का किला है, जिसे यहां के राजा भदौरिया राजा बदन सिंह, महा सिंह और बख्त सिंह द्वारा 1664-1668 के काल में बनवाया गया था। उनके बाद इस क्षेत्र को ''बधवार'' के नाम से जाना जाता है।

**65. Which one of the following places is in Morena and is known to have been the capital of Kushwahas/निम्नलिखित में से कौन सा स्थान मुरैना में है और कुशवाहों की राजधानी के लिए जाना जाता है?**

(a) Banmore/बानमोर (b) Sihoniya/सिहोनिया
(c) Khajuraho/खजुराहो (d) Sabalgarh/सबलगढ़

**MP Patwari 24/12/2017 (Shift-I)**

**Ans. (b):** सिहोनिया कुशवाहा राजपूतों की राजधानी थी। यह मध्यप्रदेश के मुरैना जिले में स्थित एक कस्बा है। मध्यकाल में इसे सिहोनिया कहा जाता है। यहाँ शिव को समर्पित प्रसिद्ध कनकमठ मंदिर है।

**66. Chitrangi in Singrauli is known for which of the following/सिंगरौली में चितरंगी निम्नलिखित में से किसके लिए जाना जाता है?**

(a) Gadhi old fort/गढ़ी पुराना किला
(b) Painted rock shelters/चित्रित चट्टानी आश्रय
(c) Dam/बाँध
(d) Power house/विद्युत गृह

**MP Patwari 24/12/2017 (Shift-I)**

**Ans. (b) :** सिंगरौली में चितरंगी मध्यपाषाण युग से सम्बन्धित चित्रित शैलाश्रयों के लिए जाना जाता है। ये आश्रय स्थल चितरंगी में रानीमाची, धौलागिरि और गौरा पहाड़ पर हैं। सिंगरौली को अपनी कोयला खदानों के लिए भी जाना जाता है। इसे मध्यप्रदेश की ऊर्जा राजधानी के नाम से भी जाना जाता है।

**67. With which dynasty is the Fort of Lanji in Balaghat associated/बालाघाट में लांजी का किला किस राजवंश से संबंधित है?**

(a) Gond/गोंड
(b) Maurya/मौर्य
(c) Chandel/चंदेल
(d) Kalchuri/कलचुरी

**MP Patwari 24/12/2017 (Shift-I)**
**Assistant Manager Examination 2021**

**Ans. (a) :** लांजी का किला (Fort of Lanji) मध्यप्रदेश के बालाघाट में स्थित एक महत्त्वपूर्ण ऐतिहासिक स्थल है। इस किले का निर्माण गोंड राजवंश के शासकों द्वारा करवाया गया था। इस किले के अन्दर एक प्राचीन मंदिर है जिसमें विभिन्न देवताओं की मूर्तियाँ है। यह किला अपने चारों ओर से एक सुरक्षा खाई से घिरा हुआ है।

**68. Name the king who founded the city of Panna.**
**उस राजा का नाम बताएँ, जिसने पन्ना शहर की स्थापना की।**

(a) Madhukar Shah Naresh/मधुकर शाह नरेश
(b) Rajakarna Dahriya/राजा कर्ण दहरिया
(c) Maharaja Chhatrasal/महाराजा छत्रसाल
(d) Lala Hardaul/लाला हरदौल

**MP Patwari 26/12/2017 (Shift-I)**
**PEB Patwari Exam 2018**
**Assistant Registrar Exam- 2018**

**Ans. (c) :** पन्ना शहर की स्थापना महाराजा छत्रसाल द्वारा की गई। 1675 में महाराजा छत्रसाल ने इसे अपनी राजधानी बनाया था। पन्ना शहर अपनी हीरे की खानों के लिए प्रसिद्ध है। अपने प्राचीन और सुंदर मंदिरों के कारण इस शहर को 'मंदिरों की नगरी' भी कहा जाता है।

**69. The Ater Fort in the ravines of Chambal was constructed by the ...........**
**चंबल की घाटी में अटेर दुर्ग .......... द्वारा निर्मित किया गया था।**

(a) Tomar/तोमर
(b) Bhadoriyas/भदौरिया
(c) Chandellas/चन्देल
(d) Chouhan/चौहान

**MP Patwari 26/12/2017 (Shift-I)**
**MP VYAPAM Sub Engineer 09.07.2017 (2.00 PM)**

**Ans. (b) :** अटेर दुर्ग मध्यप्रदेश के भिण्ड जिले में, चम्बल की घाटियों में स्थित है। इसका निर्माण भदौरिया राजा बदन सिंह, महासिंह और बख्त सिंह द्वारा 1664-68 ई. में कराया गया था। इन्हीं राजाओं के नाम पर इस क्षेत्र को 'बधवार' के नाम से भी जाना जाता है।

**70. Name the king who constructed the Jama Masjid in Sehore.**
**उस राजा का नाम बताएं जिसने सीहोर में जामा मस्जिद बनवाई थी ?**

(a) Mughisuddin Shah/मुगीसुद्दीन शाह
(b) Allauddin Khilji/अलाउद्दीन खिलजी
(c) Bhopal Nawab/भोपाल नवाब
(d) Akbar/अकबर

**MP Patwari 29/12/2017 (Shift-II)**
**MP Patwari Exam 2018**
**MP Patwari Exam- 2018**
**MP Police Constable 23/07/2016 (Shift-I)**

**Ans. (a) :** मध्यप्रदेश राज्य के सीहोर में जामा मस्जिद का निर्माण सुल्तान मुगीसुद्दीन शाह ने 732 हिजरी में बनवाया तथा 1281 में बेगम सिकंदर जहान द्वारा पुनर्निर्मित किया गया। इस जामा मस्जिद में एक मनोरम बावड़ी (पानी की टंकी) भी है। सीहोर स्वयंभु श्री चिंतामन गणेश मंदिर और उच्च गुणवत्ता वाले शखती गेहूं के लिए भी प्रसिद्ध है।

**71. Rani Durgawati is associated with.**
**रानी दुर्गावती ................ से संबंधित हैं।**

(a) Rewa/रीवा
(b) Gwalior/ग्वालियर
(c) Panna/पन्ना
(d) Jabalpur/जबलपुर

**MP PSC 2009**
**MP Patwari 10/12/2017 (Shift-I)**

**Ans. (d) :** रानी दुर्गावती जबलपुर से संबंधित है। रानी दुर्गावती का जन्म 1524 ई. में कालिंजर (बांदा, उत्तर प्रदेश) के राजा कीरत राय की एकमात्र संतान के रूप में हुआ था। इनका विवाह गोण्डवाना राज्य के शासक संग्राम सिंह के पुत्र दलपत शाह से हुआ। रानी का राज्य वर्तमान के जबलपुर, नरसिंहपुर, दमोह, मंडला, होशंगाबाद, छिंदवाड़ा और छत्तीसगढ़ के कुछ हिस्सों तक फैला हुआ था। इनकी मृत्यु 1564 ई. में आसफ खाँ से युद्ध के दौरान हुई।

**72. Rewa Kund monuments in Mandu is associated with the romance between Baz Bahadur and ________.**
**मांडु में रीवा कुंड स्मारक बाज बहादुर और _______ के बीच रोमांस के साथ जुड़ा हुआ है।**

(a) Rani Padmavati/रानी पद्मावती
(b) Rani Kamlavati/रानी कमलावती
(c) Rani Roopmati/रानी रूपमती
(d) Rani Premvati/रानी प्रेमवती

**MP Patwari 11/12/2017 (Shift-I)**
**MP VYAPAM Sub Engineer 04.08.2018 (2.00 AM)**

**Ans. (c):** मांडु में रीवा कुंड स्मारक बाज बहादुर और रानी रूपमती के बीच रोमांस के साथ जुड़ा हुआ है। यहाँ एक कृत्रिम झील है, जो रूपमती मंडप को नियमित जल आपूर्ति प्रदान करने के लिए बनाई गई है।

**73. Name the first woman ruler of Bhopal.**
**भोपाल की पहली महिला शासक का नाम बताइये।**

(a) Begum Sultan Jahan/बेगम सुल्तान जहान
(b) Begum/बेगम गौहर कुदसिया
(c) Begum Shah Jahan/बेगम शाहजहां
(d) Begum Fateh Biwi/बेगम फतेह बीवी

**MP Patwari 15/12/2017 (Shift-II)**
**MP VYAPAM Sub Engineer 09.07.2017 (2.00 PM)**

**Ans. (b) :** भोपाल की पहली महिला शासिका बेगम गौहर कुदसिया थीं। इन्होंने अपनी पति की हत्या के बाद शासन की बागडोर संभाला। उस समय उनकी उम्र 18 वर्ष थी। अपने 2 वर्षीय पुत्र सिकंदर की संरक्षिका बनकर शासन किया।

**74. An 18th century Haveli in Sheopur on the Sheopur-Baroda Road is _______.**
**श्योपुर-बड़ौदा रोड पर श्योपुर में 18वीं शताब्दी की हवेली ______ है।**

(a) Nayagaon/नयागांव
(b) Palpur/पालपुर
(c) Naregaon/नारेगांव
(d) Char Chowk/चार चौक

**MP Patwari 18/12/2017 (Shift-I)**
**Assistant Director (Social Justice and Disabled Welfare Department) Exam-2021**

**Ans. (a) :** श्योपुर से 20 किमी. दूर श्योपुर-बड़ौदा मार्ग पर नयागांव में पुरानी हवेली स्थित है। इसका निर्माण 18वीं सदी में हुआ था। इसका निर्माण बड़ौदा के गौर राजपूत वंश द्वारा हुआ है। श्योपुर, जिला मुख्यालय सीप नदी के दाहिने किनारे पर स्थित है। ऐसा माना जाता है कि जयपुर राजघराने के सामंत गौड़ राजपूत के प्रमुख इंद्रसिंह द्वारा शहर और उसके किले की स्थापना वर्ष 1537 ई. में की गयी थी।

**75. Where are the cave insription found in Rewa?**
**रीवा में गुफा लेखन ( अंतर्लेख ) कहाँ पाया जाता है?**

(a) Keoti/केवटी (b) Bichia/बिछिया
(c) Kewara/केवरा (d) Pachmarhi/पंचमढ़ी

**MP Patwari 18/12/2017 (Shift-I)**
**MP Group-2 (Sub Group-4) 11/01/2017 (Shift-II)**

**Ans. (a) :** रीवा (म.प्र.) में गुफा लेखन का साक्ष्य केवटी में पाया जाता है। यह रॉक कट गुफा प्रथम शताब्दी ई.पू. से दूसरी शताब्दी ई. के मध्य की है। इस गुफा से विभिन्न मूर्तियों व शिलालेखों का साक्ष्य प्राप्त हुए हैं। इस शिलालेख में हरितपुतनम सोंकाकेना करितापुखरीन जिला है। यह लेख ब्राह्मी लिपि व पाली भाषा में लिखित है।

**76. The coins of which ruler were found in Shahdol District/शहडोल जिले में किस शासक के सिक्के पाए गए थे ?**

(a) Kanishka/कनिष्क
(b) Samudragupta/समुद्रगुप्त
(c) Ashok/अशोक
(d) Akbar/अकबर

**MP Patwari 19/12/2017 (Shift-II)**
**MP VYAPAM JE Distribution Electrical 21.08.2018**

**Ans. (a) :** शहडोल जिले में कुषाण शासक कनिष्क शासनकाल के सिक्के पाए गए थे। कनिष्क के दौरान संस्कृत साहित्य का विकास होना प्रारम्भ हुआ। चौथी बौद्ध परिषद् कनिष्क के शासन काल में ही हुई एवं गांधार एवं मथुरा कला शैली का विकास भी हुआ। शहडोल मुरना नदी के किनारे स्थित है जो सोन की सहायक नदी है। शहडोल में सोहागपुर क्षेत्र कोयला खदानों के लिए प्रसिद्ध है।

**77. The birth place of Chandra Shekhar Azad 'Bhabra' is in :/चंद्रशेखर आजाद का जन्म 'भावरा' में हुआ, वह कौन से राज्य में है-**

(a) Madhya Pradesh/मध्य प्रदेश
(b) Rajasthan/राजस्थान
(c) Punjab/पंजाब
(d) Uttar Pradesh/उत्तर प्रदेश

**MP Group-2 (Sub-Group-2) 21/01/2017 (Shift-II)**
**MP VYAPAM Sub Engineer 03.04.2016 (9.00 AM)**

**Ans. (a) :** भारतीय स्वतंत्रता आंदोलनकारी चन्द्रशेखर 'आजाद' का जन्म 23 जुलाई, 1906 को मध्यप्रदेश के झाबुआ जिले में स्थित भावरा गांव में हुआ था। चन्द्रशेखर आजाद का मूल नाम चन्द्रशेखर सीताराम तिवारी था। सीताराम तिवारी इसके पिता का नाम तथा माता का नाम जगरानी देवी था। आजाद काकोरी कार्रवाई के कुल 29 अभियुक्तों में से एक थे।
ध्यातव्य है कि इन्होंने अक्टूबर, 1924 में स्थापित संगठन 'हिन्दुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन' (HRA) का नाम बदलकर 'हिन्दुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन' (HSRA) कर दिया था।

**78. चन्द्रशेखर आजाद का जन्म मध्य प्रदेश के किस जिले में हुआ था?**

(a) खरगौन (b) ग्वालियर
(c) झाबुआ (d) सतना

**उत्तर (c)** **MP PSC 2017**
**MP VYAPAM Junior Engineer Electrical 2017**

**व्याख्या-** उपरोक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**79. Ahilya Bai belongs to which of the following dynasty?**
**अहिल्याबाई निम्न में से किस राजवंश से संबद्ध हैं?**

(a) Holkar/होल्कर (b) Bhopal/भोपाल
(c) Scindia/सिंधिया (d) Tripuri/त्रिपुरी

**PEB Group-1 graduate Selection Test 20th March 2016, 09:00 AM**

**Ans. (a) :** अहिल्याबाई, होल्कर, राजवंश से सम्बद्ध है। इनका जन्म 31 मई सन 1725 में हुआ था। इनका विवाह इंदौर राज्य के संस्थापक महाराज मल्हारराव होल्कर के पुत्र खण्डेराव से हुआ। 1754 ई. खण्डेराव का निधन हो गया। इसके पश्चात अपनी मृत्यु पर्यंत 13 अगस्त, 1795 ई. तक कुशलता पूर्वक राज्य चलाया। अहिल्याबाई ने तुकोजी राव होल्कर को सेनापति नियुक्त किया था।

**80. Malwa was conquered in the 2nd century by_. _ने दूसरी शताब्दी में मालवा पर विजय प्राप्त की थी**

(a) Pushyamitra Sunga/पुष्यमित्र शुंग
(b) Gautamiputra Satakarani/गौतमीपुत्र शतकर्णी
(c) Banabatta/बाणभट्ट
(d) Rashtrakutas/राष्ट्रकूट

**PEB ANM 25th Jan 2016, 09:00 AM**

**Ans. (b) :** गौतमी पुत्र शतकर्णी ने 2nd शताब्दी में मालवा पर विजय प्राप्त की थी।

**81. Ajaigarh was founded by_. अजयगढ़ के द्वारा स्थापित किया गया था**

(a) Man Singh/मान सिंह
(b) Guman Singh/गुमान सिंह
(c) Mishra Singh/मिश्रा सिंह
(d) Devilal Gaur/देवीलाल गौड़

**PEB ANM 25th Jan 2016, 09:00 AM**
**MP VYAPAM Sub Engineer 09.07.2017 (2.00 PM)**

**Ans. (b) :** अजयगढ़ राजा गुमान सिंह के द्वारा 17वीं शताब्दी (1765) में स्थापित किया गया था। इसके बाद 18वीं शताब्दी में राजा अजयपाल द्वारा इसको पुनर्निर्मित करवाया गया था। यहां पर पत्थर की नक्काशी पर बना हुआ राजा अमन का महल अत्यधिक प्रसिद्ध है। विश्व प्रसिद्ध खजुराहों यहाँ से लगभग 65 किमी की दूरी पर स्थिति है।

**82. Dewas was founded by_. देवास _ द्वारा स्थापित किया गया था**

(a) Tukoji Rao and Jivaji Rao
तुकोजी राव और जीवाजी राव
(b) Prasad Misra and Aji Misra
प्रसाद मिश्र और अजी मिश्र
(c) The Paramaras/परमार
(d) Scindia/सिंधिया

**PEB ANM 25th Jan 2016, 09:00 AM**
**Assistant Registrar Exam- 2018**

**Ans. (a) :** देवास रियासत की स्थापना मराठा सम्राट जीवाजी राव (दादा साहब) तथा तुकोजीराव (बाबा साहब) के द्वारा 12 दिसम्बर 1728 को किया गया था। देवास रियासत ने 1857 के स्वतंत्रता संग्राम में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। राघोगढ़ (देवास) के ठाकुर दौलत सिंह ने अंग्रेजों का सामना बड़े ही साहस और बहादुरी से किया। देवास में आकर्षण केन्द्र चामुण्डा देवी मंदिर, खिवनी अभ्यारण्य, सिद्धेश्वर मंदिर, काबडिया हिल्स, गिदियाखो जलप्रपात, काकड़ा कृषि मेला, मनीभद्र मंदिर, गेट ऑफ देवास (समाजी द्वार) इत्यादि है।

**83. The place/district in Madhya Pradesh where Krishna and Balarama is said to have received their education/कहा जाता है कि इस मध्य प्रदेश के जिले में कृष्ण और बलराम ने अपनी शिक्षा प्राप्त की थी**

(a) Ratlam/रतलाम (b) Avanti/अवंती
(c) Ujjain/उज्जैन (d) Mandu/मांडू

**PEB ANM 25th Jan 2016, 09:00 AM**

**Ans. (c) :** मध्य प्रदेश के उज्जैन जिले में कृष्ण और बलराम ने अपनी शिक्षा प्राप्त की थी। कृष्ण, बलराम एवं सुदामा के गुरू संदीपिनी मुनि थे। कृष्ण ने 64 विद्या और 16 कलाओं का ज्ञान प्राप्त किया था। उज्जैन में महाकालेश्वर मंदिर है, जो क्षिप्रा नदी के तट पर स्थित है। यहां पर हर 12 वर्ष बाद सिंहस्थ कुम्भ का मेला लगता है।

**84. Sandipani Ashram, where Lord Krishna and Sudama are believed to have done their schooling, is located in which one the following places of Madhya Pradesh?/संदीपनी आश्रम जहाँ माना जाता है कि भगवान कृष्ण और सुदामा ने अपनी स्कूली शिक्षा प्राप्त की, कहाँ स्थित है?**

(a) Seoni/सिवनी (b) Dhar/धार
(c) Ujjain/उज्जैन (d) Chitrakoot/चित्रकूट

**PEB Patwari Exam. 2018**

**Ans. (c) :** उपरोक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**85. Who among the following called the town of Gwalior the "Key to Hindustan"?/निम्न में से किसने ''हिंदुस्तान की कुंजी'' ग्वालियर शहर को कहा था?**

(a) Warren Hastings/वारेन हेस्टिंग्स
(b) Lord Mountbatten/लार्ड माउंटबेटन
(c) Wellesley/वेलेजली
(d) Cornwallis/कार्नवालिस

**PEB ANM 25th Jan 2016, 09:00 AM**

**Ans. (a) :** वारेन हेस्टिंग्स ने 'हिन्दुस्तान की कुंजी' ग्वालियर शहर को कहा था। वारेन हेस्टिंग्स एक अंग्रेज राजनीतिज्ञ था, जो बंगाल का प्रथम गवर्नर तथा बंगाल की सुप्रीम काउंसिल का अध्यक्ष था। 1774 से 1785 तक बंगाल का प्रथम गवर्नर जनरल रहा।

**86. Khajuraho was mentioned as the capital during Mohammad Ghazni's raid and conquest by_ खजुराहो का उल्लेख–के द्वारा मोहम्मद गज़नी के छापे और विजय के दौरान राजधानी के रूप में किया गया था–**

(a) Fa Hign/फा हिएँ (b) Tansen/तानसेन
(c) Pushyamitra/पुष्यमित्र (d) Alberuni/अलबेरूनी

**PEB ANM 25th Jan 2016, 09:00 AM**
**MP Police Constable 19/07/2016 (Shift-I)**

**Ans. (d) :** खजुराहो का उल्लेख अलबरूनी के द्वारा मोहम्मद गजनी के छापे और विजय के दौरान राजधानी के रूप में किया गया था। कुतुबबुद्दीन ऐवक ने 1202-03 ई. में बुंदेलखण्ड पर आक्रमण किया और चन्देल शासक 'परमार्दिदेव' को पराजित कर कालिंजर महोबा और खजुराहो पर अधिकार कर लिया। अलबरूनी एक फारसी विद्वान, लेखक, वैज्ञानिक, धर्मज्ञ तथा विचारक था।

**87. The earliest traces of human life in India is exhibited in_.**
**भारत में मानव जीवन का शीघ्रातिशीघ्र अनुरेखण_में प्रदर्शित किया है**

(a) Bhimbetka caves/भीमबेटका की गुफाओं
(b) Khajuraho temples/खजुराहो के मंदिरों
(c) Gwalior Fort/ग्वालियर का किला
(d) Rewa Maharaja Fort/रीवा महाराजा का किला

**PEB ANM 25th Jan 2016, 09:00 AM**

**Ans. (a) :** भारत में मानव जीवन का शीघ्रातिशीघ्र अनुरेखण भीम बेटका की गुफाओं से प्रदर्शित किया गया है। भीमबेटका की गुफाएँ रायसेन जिले में स्थित है, जो आदिमानव द्वारा बनाए गये शैलचित्रों और शैलाश्रयों के लिए प्रसिद्ध है। इसकी खोज वर्ष 1957-58 में डॉ. विष्णुधर वाकणकर द्वारा की गई थी। यह पुरापाषाणिक काल के समय की मानी जाती है। इसके बाद 2003 में यूनेस्को ने इसे विश्वधरोहर स्थल घोषित किया।

**88. Which of the following was known as the summer capital of Scindia rulers of Gwalior?**
**निम्न में से कौन सा ग्वालियर के सिंधिया शासकों की ग्रीष्मकालीन राजधानी के रूप में जाना जाता था?**

(a) Ranikhet/रानीखेत (b) Shivpuri/शिवपुरी
(c) Jabalpur/जबलपुर (d) Chitrakoot/चित्रकूट

**PEB ANM 25th Jan 2016, 09:00 AM**

**Ans. (b) :** शिवपुरी को ग्वालियर के सिंधिया शासकों की ग्रीष्म कालीन राजधानी के रूप में जाना जाता था। सिंधिया परिवार ग्वालियर का मराठा शासक परिवार है, जिसने 18वीं शताब्दी के एक कालखण्ड में उत्तर भारत की राजनीति में प्रमुख भूमिका निभाई इस वंश की स्थापना रणोजी सिंधिया ने की थी। शिवपुरी को पहले सीपरी के नाम से जाना जाता था। शिवपुरी, ग्वालियर व झांसी के बीच एक नेचर गेटवे है।

**89. The war that brought erstwhile states like Indore, Nagpur and Rewa under the British was the_.**
**युद्ध जो इंदौर, नागपुर और रीवा के तत्कालीन राज्यों को ब्रिटिश राज के अंतर्गत ले आया था।**

(a) III Battle of Panipat/पानीपत की तृतीय लड़ाई
(b) Battle of Chausa/चौसा की लड़ाई
(c) III Anglo Maratha war/तृतीय आंग्ल मराठा युद्ध
(d) II Battle of Khanwa/खानवा की द्वितीय लड़ाई

**PEB ANM 25th Jan 2016, 09:00 AM**

**Ans. (c) :** तृतीय आंग्ल मराठा युद्ध जो इन्दौर, नागपुर और रीवा के तत्कालीन राज्यों को ब्रिटिश राज्य के अन्तर्गत ले आया था। यह युद्ध 1817 ई. से 1818 ई. तक चला। यह युद्ध अंतिम रूप से लार्ड हेस्टिंग के गवर्नर बनने के बाद लड़ा गया। पेशवा बाजीराव द्वितीय ने कोरेगाँव के युद्ध में हारने के बाद फरवरी 1818 ई. में अंग्रेजों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। मराठों के पतन में सर्वाधिक योगदान बाजीराव द्वितीय का ही था।

**90. The last Maharaja of Gwalior was**
**ग्वालियर के अंतिम महाराजा थे**

(a) Madhav Rao Scindia/माधव राव सिंधिया
(b) Peshwa Rao/पेशवा राव
(c) Bhairavanath /भैरवनाथ
(d) Devi Holkar/देवी होल्कर

**PEB ANM 23rd Jan 2016, 09:00 AM**
**MP VYAPAM JE Distribution Electrical 21.08.2018**

**Ans. (a) :** ग्वालियर के अंतिम राजा/महाराजा माधवराव सिंधिया थे। सिंधिया वंश का संस्थापक राणोजी शिंदे था, जो कान्हेरखेड़ा के पाटिल परिवार से सम्बन्धित है।

**91. Holkars are basically**
**होल्कर मूल रूप से हैं**

(a) Maratha/मराठा (b) Rajput/राजपूत
(c) Maruyan/मौर्य (d) Scindia/सिंधिया

**PEB ANM 23rd Jan 2016, 09:00 AM**

**Ans. (a) :** होल्कर मूल रूप से मराठा थे। होल्कर वंश इन्दौर के मराठा शासक थे। इन्हें मूल रूप से एक चरवाहा जाति या कृषक वंश के रूप में जाना जाता है जो मथुरा जिले से आकर दक्कन के गाँव होल या 'हल' में बस गये थे। इसी गाँव के निवासी होने के कारण इनका पारिवारिक नाम 'होल्कर' हो गया। इस राजवंश के संस्थापक मल्हारराव होल्कर थे, उनकी मृत्यु के बाद उनकी पुत्रवधू अहिल्याबाई ने शासन की बागडौर संभाली थी।

**92. The name of the last Holkar ruler is**
**अंतिम महत्वपूर्ण होल्कर शासक का नाम है।**

(a) Yashwant Rao/यशवंत राव
(b) Shankar Kumar/शंकर कुमार
(c) Deepak Chaurasia/दीपक चौरसिया
(d) Shivaji Rao/शिवाजी राव

**PEB ANM 23rd Jan 2016, 09:00 AM**
**MP VYAPAM Junior Engineer Electrical 2017**

**Ans. (a) :** अंतिम महत्वपूर्ण होल्कर शासक का नाम यशवन्त राव होल्कर था। पानीपत के तृतीय युद्ध के बाद 1761 में मल्हारराव होल्कर ने इन्दौर पर अधिकार कर लिया। मल्हारराव की मृत्यु के बाद उनकी पुत्रवधू अहिल्याबाई ने पेशवा की अनुमति से प्रशासन का कार्यभार सम्भाला तथा अहिल्याबाई की मृत्यु के बाद यशवंतराव होल्कर ने शासन की बागडोर संभाली। होल्कर वंश के शासक तुकोजी तृतीय के समय मध्य भारत में इस राज्य का विलय हो गया।

**92. Ujjain was the capital of ancient Avanti and was ruled by**
**उज्जैन प्राचीनकाल में अवंती की राजधानी थी और वहाँ इनका शासन था**

(a) King Vikramaditya/राजा विक्रमादित्य
(b) Rana Pratap/राणा प्रताप
(c) Queen Durgavati/रानी दुर्गावती
(d) King Ashoka/सम्राट अशोक

**PEB ANM 23rd Jan 2016, 09:00 AM**
**Assistant Director (Social Justice and Disabled Welfare Department) Exam-2021**

**Ans. (a) :** उज्जैन प्राचीन काल में अवंती जनपद की राजधानी थी और वहाँ राजा विक्रमादित्य शासन करते थे। वर्तमान उज्जैन शहर मालवा पठार के दक्षिणी किनारे पर क्षिप्रा नदी के तट पर स्थित है, म0 प्र0 का प्रमुख धार्मिक नगर है। उज्जैन में हर 12 वर्ष के बाद सिंहस्थ कुंभ का मेला लगता है।

**93. Chitrakoot is a popular name from the epic period of Ramayana. Chitrakoot is loacted in District**
**चित्रकूट रामायण काल से ही एक लोकप्रिय नाम है, यह किस जिला में है?**

(a) Satna/सतना (b) Panna/पन्ना
(c) Rewa/रीवा (d) Sidhi/सीधी

**PEB ANM 23rd Jan 2016, 09:00 AM**
**MP Constable 10 sept 2017 (Shift-I)**
**PEB Patwari Exam 2018**

**Ans. (a) :** चित्रकूट रामायण काल से ही एक लोकप्रिय नाम है यह सतना जिले में हैं। चित्रकूट विंध्य पर्वतमाला के मध्य मंदाकिनी के तट पर स्थित हैं। यह एक धार्मिक एवं दर्शनीय स्थल है। इसे 10 फरवरी, 2009 को पवित्र नगर घोषित किया गया है। भगवान राम, सीता और लक्ष्मण सहित चित्रकूट के जंगलों में वनवास के दौरान ठहरे थे। चित्रकूट के प्रमुख धार्मिक स्थल रामघाट, भरत मिलाप मंदिर, कामदगिरी पर्वत, जानकी कुण्ड, सती अनुसुइया आश्रम, स्फटिक शिला, गुप्त गोदावरी, भरतकूप, हनुमान धारा आदि है।

**94. Nawab of Bhopal was_.भोपाल के नवाब थे _**

(a) Mohamad Ali Khan/मोहम्मद अली खान
(b) Faiz Mohammad Khan/फैज मोहम्मद खान
(c) Misra Khan/मिस्र खान
(d) Devilal Gaur/देवीलाल गौड़

**PEB ANM 24th Jan 2016, 03:00 AM**
**MP Police Constable 23/07/2016 (Shift-I)**

**Ans. (b) :** फैज मोहम्मद खान सन् 1742 से 1777 तक भोपाल के तीसरे नवाब थे। जबकि भोपाल के प्रथम नवाब दोस्त मोहम्मद खान (1708 से 1726) तथा भोपाल के अंतिम नवाब हमीदुल्ला खान (1926 - 1949) थे।

**95. In 1818, the capital was shifted from Maheshwar to Indore by___.**
**1818 में, राजधानी महेश्वर से इंदौर में इनेक द्वारा स्थानांतरित कर दी गयी थी–**

(a) Malhar Rao Holkar/मल्हारराव होल्कर
(b) Peshwa Rao/पेशवा राव
(c) Raju Scindia/राजू सिंधिया
(d) Maharaja of Rewa/रीवा के महाराजा

**PEB ANM 24th Jan 2016, 03:00 AM**

**Ans. (a) :** 3 नवम्बर 1818 में राजधानी महेश्वर से इंदौर में मल्हार राव होल्कर तृतीय के द्वारा स्थानांतरित कर दी गयी थी। होल्कर राजवंश की स्थापना मल्हारराव होल्कर प्रथम ने की थी। इंदौर की प्रसिद्ध महिला शासिका अहिल्याबाई होल्कर ने राजधानी, इंदौर से महेश्वर में स्थानांतरित की थी।

**96. The family of Parmar was established by the__.**
**परमार के परिवार को __द्वारा स्थापित किया गया था**

(a) Marathas/मराठा
(b) Sakas/शकों
(c) Satavahanas/सातवाहन
(d) Rashtrakuttas/राष्ट्रकूट

**PEB ANM 24th Jan 2016, 03:00 AM**
**MP VYAPAM Sub Engineer 08.07.2017 (2.00 PM)**

**Ans. (d) :** पश्चिमी भारत में परमार वंश का साम्राज्य था। इस क्षेत्र में 8वीं शताब्दी से 14वीं शताब्दी तक शासन करते रहे। इस वंश के प्रारंभिक सदस्य उपेन्द्र कृष्णराज थे। परमार वंश के प्रारंभिक शासक राष्ट्रकूटों के सामंत थे। राष्ट्रकूटों के पतन के पश्चात सियाक द्वितीय के नेतृत्व में परमार वंश स्वतंत्र हो गया।

**97. The dynasty which had control over central India during the 3rd Century./वो राजवंश जिसका तीसरी सदी के दौरान मध्य भारत पर नियंत्रण था**

(a) Gupta/गुप्ता (b) Kushanas/कुषाण
(c) Satavahanas/सातवाहन (d) Kanva/कण्व

**PEB ANM 24th Jan 2016, 03:00 AM**

**Ans. (c) :** 60 ई.पू. से 240 ई. के मध्य सातवाहन राजवंश का नियंत्रण मध्य भारत पर था। सातवाहन वंश का संस्थापक राजा सिमुक था। 'दक्षिणापथ' अर्थात दक्षिणी क्षेत्र में साम्राज्य की स्थापना करने वाला पहला दक्कनी वंश था। सातवाहन काल में अमरावती व नागार्जुनकोंडा बौद्ध धर्म के महत्त्वपूर्ण केन्द्र थे। गोतमीपुत्र सातकर्णी इस वंश का सबसे प्रसिद्ध शासक था।

**98. In which year did Peshwa Baji Rao II ceded a greater portion of the Sagar district to the British?**
**किस वर्ष में पेशवा बाजी राव द्वितीय ने सागर जिले का एक बड़ा भाग ब्रिटिशों को सौंप दिया था?**

(a) 1819 (b) 1818
(c) 1820 (d) 1821

**M.P. SI 31 OCT. 2017 IInd Shift**

**Ans. (b) :** सन 1818 में पेशवा बाजीराव द्वितीय ने सागर जिले का एक बड़ा भाग ब्रिटिशों को सौंप दिया था। उस समय सागर में 4 तहसील थी- खुरई, सागर, रहली, और नन्दा।

**99. _________ used to be the summer capital of MP about 40 years ago./____________ को 40 वर्ष पूर्व मध्य प्रदेश की ग्रीष्म राजधानी के रूप में जाना जाता था।**

(a) Gwalior/ग्वालियर (b) Indore/इंदौर
(c) Bhopal/भोपाल (d) Pachmarhi/पचमढ़ी

**MP High School TET (Political S.) 07/02/2019 (Shift-II)**

**Ans. (d) :** पचमढ़ी को 40 वर्ष पूर्व मध्य प्रदेश की ग्रीष्म राजधानी के रूप में जाना जाता था। वर्ष 1967 में अन्तिम बार ग्रीष्म कालीन राजधानी को स्थानान्तरित किया गया था। इसके बाद गोविन्द नारायण सिंह ने अपने कार्यकाल में ग्रीष्म कालीन राजधानी को पचमढ़ी स्थानांतरित करने की प्रथा बन्द कर दी।

**100. Which part of Madhya Pradesh is associated with the Mahajanapada of Avanti?**
**मध्य प्रदेश का कौन-सा क्षेत्र अवंती महाजनपद से जुड़ा हुआ था?**

(a) Malwa/मालवा
(b) None of these/इनमें से कोई नहीं
(c) Baghelkhand/बघेलखण्ड
(d) Bundelkhand/बुंदेलखंड

**MP SI 31 OCT. 2017 Ist Shift**
**Assistant District Prosecution Officer Examination-2015**

**Ans. (a) :** मध्य प्रदेश का मालवा क्षेत्र अवंती महाजनपद से जुड़ा हुआ था। अवंती वर्तमान में उज्जैन के नाम से जाना जाता है।

**101. The Sunga ruler who seems to have destroyed the Sanchi Stupa was_.**
**कहा जाता है इस शुंग शासक ने सांची स्तूप नष्ट कर दिया था-**

(a) Harsha Sunga/हर्ष शुंग
(b) Mitra Sunga/मित्रा शुंग
(c) Pushyamitra Sunga/पुष्यमित्र शुंग
(d) Rana Pratap Sunga/राणा प्रताप शुंग

**PEB ANM 24th Jan 2016, 03:00 AM**

**Ans. (c) :** शुंग शासक पुष्यमित्र शुंग ने सांची स्तूप को नष्ट किया था। म0प्र0 के रायसेन जिले में स्थित सांची स्तूप का निर्माण तीसरी सदी, ई.पू. में सम्राट अशोक महान ने करवाया था, जिसमें भगवान बुद्ध के कुछ अवशेष रखे थे।

**102. The eastern part of Madhya Pradesh was originally ruled by the_.**
**मध्य प्रदेश के पूर्वी भाग में मूल रूप से _का शासन था**

(a) Gonds/गोंड (b) Marathas/मराठों
(c) Rajputs/राजपूतों (d) Mauryas/मौर्य

**PEB ANM 24th Jan 2016, 03:00 AM**

**Ans. (a) :** मध्य प्रदेश के पूर्वी भाग में मूल रूप से 'गोंड' शासकों का शासन रहा। गोंड (जाति) समुदाय भारत का सबसे बड़ा जनजाति समुदाय है। 15वीं से 17वीं शताब्दी के बीच गोंडवाना (म.प्र. पूर्वी भाग) में अनेक राज गोंड राजवंशों का दृढ़ और सफल शासन स्थापित था। प्रसिद्ध रानी दुर्गावती गोंड राजवंश की शासिका थी।

**103. Who built the Taj-ul-Masjid Mosque?**
**किसने ताज-उल-मस्जिद का निर्माण किया?**

(a) Bahadur Shah Zafar/बहादुर शाह जफर
(b) Babur/बाबर
(c) Humayun/हुमायूं
(d) Aurangzeb/औरंगजेब

**PEB ANM 23rd Jan 2016, 12:00 PM**

**Ans. (a) :** भोपाल में स्थित भारत की विशाल मस्जिदों में एक ताज-उल-मस्जिद का निर्माण शाहजहां बेगम ने पूर्ण करवाया था। ताज-उल मस्जिद का अर्थ है 'मस्जिदों का ताज'। इस मस्जिद में हर साल तीन दिन का इज्तिमा उर्स होता है। इसका निर्माण बहादुर शाह जफर के समय में प्रारंभ हुआ।

**104. King Bhoj was a part of the ______Dynasty.**
**राजा भोज ................राजवंश का हिस्सा थे**

(a) Satavahana/सतवाहना
(b) Peshwa/पेशवा
(c) Paramara/परमार
(d) Saka/सक

**MP ANM 2013**
**PEB ANM 23rd Jan 2016, 12:00 PM**
**MP SI Oct (2017)**

**Ans. (c) :** राजा भोज परमार वंश के नवें राजा थे। इनका शासन काल 1000 से 1055 ई. तक था। उन्होंने कई विषयों के अनेक ग्रंथों का निर्माण किया। इनकी प्रमुख रचनाएँ हैं– राजामार्तण्ड, श्रृंगार प्रकाश, सरस्वती कंठाभरण आदि। उन्होंने 'कविराज' की उपाधि धारण की। भोज के दरबारी कवियों में भास्करभट्ट, दामोदर मिश्र, धनपाल प्रमुख थे।

**105. According to history, who established Gwalior?**
**इतिहास के अनुसार, किसने ग्वालियर की स्थापना की?**

(a) Suraj Sen/सूरज सेन
(b) Rana Singh/राणा सिंह
(c) King Vikramaditya/राजा विक्रमादित्य
(d) Samrat Ashok/सम्राट अशोक

**PEB ANM 23rd Jan 2016, 12:00 PM**
**MP VYAPAM Sub Engineer 22.02.2015**

**Ans. (a) :** इतिहास के अनुसार ग्वालियर की स्थापना बघेल शासक सूरजसेन ने की थी बघेल शासकों ने ग्वालियर पर लगभग 1000 सालों तक राज्य किया। इसके अतिरिक्त ग्वालियर पर गुर्जर प्रतिहार राजवंश तथा तोमरों ने भी राज किया। ग्वालियर को गालव ऋषि की तपो भूमि भी कहा जाता है।

**106. Khajuraho was the capital to the ______Rulers**
**खजुराहो ________शासकों की राजधानी थी**

(a) Chandela/चंदेला (b) Satavahana/सातवाहना
(c) Mauryan/मौर्यन (d) Kanha/कान्हा

**MP Constable 10 sept 2017 (Shift-I)**
**PEB ANM 23rd Jan 2016, 12:00 PM**

**Ans. (a) :** खजुराहों चंदेल शासकों की प्रथम राजधानी थी, कुछ समय बाद चंदेलों ने अपनी राजधानी महोबा को बनाया। चंदेल राजाओं ने दशवीं से बारहवीं शताब्दी तक मध्य भारत में शासन किया। विश्व विरासत स्थल सूची में सम्मिलित खजुराहो के अधिकतर मंदिरों का निर्माण 950 ई. से 1050 ई. तक चंदेल शासकों द्वारा किया गया। खजुराहो स्मारक समूह हिन्दू और जैन धर्म को समर्पित है। प्रत्येक वर्ष शास्त्रीय नृत्य महोत्सव का आयोजन खजुराहो में किया जाता है।

**107. Bhimbetka are rock shelters. These are archeological sites of the _____Period.**
**भीमबेटका पाषाण आश्रय है। ये _____समय के पुरातात्विक स्थल है**

(a) Neolithic/नवपाषाण
(b) Paleolithic/पुरापाषाण
(c) Chalcolithic/ताम्रपाषाण
(d) Mesolithic/मध्यपाषाण

**PEB ANM 23rd Jan 2016, 12:00 PM**

**Ans. (b) :** भीमबेटका पुरापाषाण काल का पुरातात्विक स्थल है। यह रायसेन जिले में स्थित आदि मानव द्वारा बनाये गए शैलचित्रों के लिए प्रसिद्ध है। इनकी खोज वर्ष 1957-1958 में डा. विष्णुश्रीधर वाकणकर द्वारा की गई थी। वर्ष 2003 में यूनेस्को ने इसे विश्व धरोहर स्थल में शामिल किया।

**108. Whose mortal relic is kept in Sanchi Stupa?**
**साँची के स्तूप में किसकी अस्थियाँ रखी है?**

(a) Samarat Ashok/सम्राट अशोक
(b) Sariputra/सारिपुत्र
(c) Mogadhlayan/मोग्दलायन
(d) Sariputra and Mahamogalayan
सारिपुत्र एवं महामोगलायन

**MPPEB Patwari Exam - 2013**
**Drug Inspector -2013**

**Ans. (d) :** साँची के स्तूप में बुद्ध के शिष्य सारिपुत्र और महामोगलायन की अस्थियाँ रखी हुई हैं। साँची मध्य प्रदेश के रायसेन जिले में बेतवा नदी के तट पर स्थित है। साँची स्तूप का निर्माण सम्राट अशोक ने तीसरी सदी ई0पू0 में करवाया था।

**109. Which king built 'Chanderi kila'?**
**'चंदेरी के किले' का निर्माण किस राजा ने करवाया था?**

(a) Raja Jaipal/राजा जयपाल
(b) Kirtipal/कीर्तिपाल
(c) Raja Nal/राजा नल
(d) God Raja Narender Shah/गौड़ राजा नरेंद्र शाह

**Drug Inspector -2013**

**Ans. (b) :** चंदेरी के किले का निर्माण राजा कीर्तिपाल सिंह ने 11वीं सदी में करवाया था। चंदेरी मध्य प्रदेश के अशोक नगर जिले में स्थित एक ऐतिहासिक नगर है। बुन्देलों और मालवा के सुल्तानों की बनवाई इमारते यहाँ देखी जा सकती है। चंदेरी किले के मुख्य द्वार को खूनी दरवाजे के नाम से भी जाना जाता है।

**110. Which among the following regions in the present Madhya Pradesh was ruled by the descendants of Afgan General Dost Mohammad Khan during 1723 to 1728?**
**1723 से 1728 के दौरान, अफगान जनरल दोस्त मोहम्मद खान के वंशजों ने वर्तमान मध्य प्रदेश में निम्नलिखित में से किस क्षेत्र पर शासन किया था?**

(a) Bohpal/भोपाल
(b) Mahakoshal/महाकौशल
(c) Malwa/मालवा
(d) Indore/इंदौर

**PEB Patwari Exam. 2018**

**Ans. (a) :** 1723 से 1728 के दौरान, अफगान जनरल दोस्त मोहम्मद खान के वंशजों ने वर्तमान मध्य प्रदेश के भोपाल जिले में शासन किया।

**111. Chanderi town is mentioned in Mahabharata. Who among the following was the King of Chanderi during the Mahabhartata period?**
**महाभारत में चंदेरी शहर का उल्लेख किया गया है। महाभारत काल के दौरान निम्नलिखित में से कौन चंदेरी का राजा था?**

(a) Ravana/रावण
(b) Kans/कंस
(c) Arjun/अर्जुन
(d) Shishupal/शिशुपाल

**PEB Patwari Exam. 2018**
**MP VYAPAM JE Distribution Electrical 16.08.2017**

**Ans. (d) :** महाभारत में चंदेरी शहर का उल्लेख किया गया है। महाभारत काल के दौरान चंदेरी के राजा शिशुपाल थे। चंदेरी शहर मध्य प्रदेश के राजा शिशुपाल की राजधानी थी। यह वर्तमान में मध्य प्रदेश के अशोक नगर जिले में स्थित है।

**112. Rani Lakshmibai of Jhansi battling against the British laid her life near Gwalior in the year___.**
**अंग्रेजों के खिलाफ लड़ने वाली झांसी की रानी लक्ष्मीबाई ने ग्वालियर के पास वर्ष _____में अपना जीवन गंवा दिया था।**

(a) 1860
(b) 1857
(c) 1859
(d) 1858

**PEB Patwari Exam. 2018**

**Ans. (d) :** रानी लक्ष्मीबाई की मृत्यु 18 जून 1858 को ग्वालियर में हुई इनका जन्म 19 नवंबर 1835 को वाराणसी में हुआ था। इनकी विवाह झांसी नरेश महाराज गंगाधर राव नेवालकर के साथ हुआ था।

**113. Emperor Ashoka, before becoming a king, was the Governor of which of the following districts of the present day Madhya Pradesh?**
**राजा बनने से पहले सम्राट अशोक, वर्तमान में मध्य प्रदेश के निम्नलिखित जिलों में से किसके राज्यपाल थे?**

(a) Shivpuri/शिवपुरी
(b) Satna/सतना
(c) Ujjain/उज्जैन
(d) Ashok Nagar/अशोक नगर

**PEB Patwari Exam. 2018**

**Ans. (c) :** राजा बनने से पहले सम्राट अशोक मध्य प्रदेश के उज्जैन जिले के राज्यपाल थे। इनका शासन काल 269 ईसा पूर्व से 232 ईसा तक था।